* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 122


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची पहुंची भारत और इंग्लैंड की टीम




## ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को **सुगम परिवहन सेवा**




### नि:शुल्क यात्रा

- वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष से अधिक)
- छात्र/छात्रा
- राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिला
- राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखण्ड आंदोलनकारी
- दिव्यांगजन (40% से अधिक)
- HIV संक्रमित

### योजना से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधान

- लाभार्थियों के चयन में एसटी, एससी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता
- लाभुकों को नये वाहन क्रय पर 5% वार्षिक ब्याज सब्सिडी 05 वर्षों तक
- पथकर - 100% विमुक्त
- परमिट शुल्क, नये वाहन हेतु निबंधन शुल्क, फिटनेस टेस्ट शुल्क और परमिट आवेदन शुल्क - ₹1 (एक रुपया)
- योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नागरिक / वाहन स्वामी अपने जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं

## झारखण्ड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का

# शुभारम्भ

**मुख्य अतिथि**


**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री सत्यानन्द भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री दीपक बिरुवा**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

दिनांक: 21 फरवरी, 2024
समय : 12:30 बजे अपराह्न
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची



P.R. 319769 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार





सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |




संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# वर्तमान के साथ भविष्य के लिए भी नयी राह दिखायी



नरेंद्र मोदी



**जीवन** में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होती है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है।

आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किये जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नयी राह दिखायी है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्त्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया।

शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्त्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गये हैं, इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे।

आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था। कितने ही कैदियों ने आचार्य जी के सहयोग से हथकरघा का प्रशिक्षण लिया। कैदियों में उनका इतना सम्मान था कि कई कैदी रिहाई के बाद अपने परिवार से भी पहले आचार्य विद्यासागर जी से मिलने जाते थे।

संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे, ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया, जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया, ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें।

मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।' इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए।

आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। ये गुण एक न्यायपूर्ण, करुणामयी और समृद्ध समाज के लिए आवश्यक हैं। आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है।

ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो 'मिशन लाइफ' है, जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्त्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते।

संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी, देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। आचार्य जी के संदेश उन्हें सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह ना सिर्फ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनके बताये रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

**(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।)**

# अब भी समस्याओं का बोझ ढो रहा है सिंहभूम संसदीय क्षेत्र

## ■ पलायन से प्रदूषण और गरीबी से नक्सल तक का दर्द झेल रहा है चाइबासा

## ■ आज भी कोड़ा दंपति यहां की राजनीति को सबसे अधिक प्रभावित करता है

आजाद सिपाही विशेष

सारंडा जंगलों की धरती और कोल्हान की हृदयस्थली है चाईबासा, यानी सिंहभूम संसदीय क्षेत्र। यह झारखंड का महत्वपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। यह संसदीय क्षेत्र पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों के कुछ हिस्सों को मिलाकर गठित किया गया है। 1952 में देश के लिए हुए पहले लोकसभा चुनावों में इस सीट का गठन नहीं हुआ था। 1957 में दूसरे लोकसभा निर्वाचन के दौरान यह संसदीय क्षेत्र अस्तित्व में आया। इस क्षेत्र में चाइबासा, सरायकेला, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, मझगांव और चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्रों को समाहित किया गया है। सिंहभूम कोल्हान का ऐतिहासिक नाम है और पहले यह प्रमंडलीय मुख्यालय था। लेकिन जमशेदपुर को अलग जिला बनाने के समय सिंहभूम को दो हिस्सों में, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में विभाजित किया गया। पश्चिमी सिंहभूम का जिला मुख्यालय चाइबासा है और कोल्हान का प्रमंडलीय मुख्यालय भी। जहां तक सियासी परिदृश्य का सवाल है, तो यहां कभी कांग्रेस के बागुन सुंब्रुइ का प्रभाव था, लेकिन कालक्रम में वह नेपथ्य में चले गये और अब यहां कांग्रेस के साथ भाजपा और झामुमो का भी प्रभाव देखा जाता है। फिलहाल सिंहभूम की राजनीति के केंद्र में कोड़ा दंपति है, यानी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और उनकी पत्नी सह वर्तमान सांसद गीता कोड़ा। कहते हैं कि कोड़ा दंपति के चाहे बिना यहां राजनीति का पत्ता भी नहीं हिलता है। 2019 में गीता कोड़ा ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुआ को हराया था। कोल्हान का यह इलाका कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है। इनमें पलायन से प्रदूषण तक और गरीबी से लेकर नक्सली समस्या तक शामिल हैं। इसलिए सिंहभूम सीट का चुनावी परिदृश्य बेहद अनिश्चित होता है। क्या है सिंहभूम संसदीय सीट का चुनावी परिदृश्य, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह




झारखंड के कोल्हान प्रमंडल का मुख्यालय और पश्चिमी सिंहभूम जिले का मुख्यालय है चाइबासा, जिसे सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। पश्चिम सिंहभूम झारखंड का सबसे पुराना जिला है। 1837 में कोल्हान पर ब्रिटिश विजय के बाद एक नये जिले का गठन किया गया, जिसे सिंहभूम के रूप में जाना जाने लगा और इसका मुख्यालय चाइबासा था। बाद में सिंहभूम को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां तीन जिलों में विभाजित किया गया। झारखंड के दक्षिणी भाग में पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित है और राज्य का सबसे बड़ा जिला है। यह समुद्र तल से 244 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और इसका क्षेत्रफल 5290.89 वर्ग किलोमीटर है। जिले के उत्तर में खूंटी, पूर्व में सरायकेला-खरसावां, दक्षिण में ओड़िशा का क्योंझर, मयूरभंज और सुंदरगढ़ और पश्चिम में झारखंड का सिमडेगा और ओड़िशा का सुंदरगढ़ सीमाबद्ध है। यह जिला पहाड़ी ढलानों पर घाटियां, खड़ी पहाड़ियों और घने जंगलों से भरा पड़ा है। पश्चिमी सिंहभूम जिले की आबादी का अधिकांश हिस्सा जनजातीय आबादी का है।

### सिंहभूम का सियासी परिदृश्य

सिंहभूम लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है। यह सीट सरायकेला- खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम जिले में फैली हुई है। यह इलाका रेड कॉरिडोर का हिस्सा है। इस सीट पर अनुसूचित जनजाति का दबदबा है। उरांव, संताल समुदाय, महतो (कुरमी), प्रधान, गोप, गौड़ समेत कई अनुसूचित जनजातियां, इसाइ और मुस्लिम मतदाता यहां निर्णायक भूमिका निभाते हैं। 2014 के चुनाव में बीजेपी को अनुसूचित जनजातियों की गोलबंदी के कारण जीत मिली थी।

### सिंहभूम का चुनावी इतिहास

सिंहभूम का चुनावी इतिहास बेहद दिलचस्प है। 1957 से लेकर 1977 तक इस सीट पर झारखंड पार्टी का दबदबा रहा। 1957 में शंभू चरण, 1962 में हरी चरण सोय, 1967 में कोलाइ बिरुआ, 1971 में मोरन सिंह पूर्ति और 1977 में बागुन सुंब्रुई जीते। 1980 में बागुन सुंब्रुई ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया और चुनाव जीतकर फिर संसद पहुंचे। इसके बाद वह 1984 और 1989 का चुनाव भी जीते। यानी बागुन सुंब्रुई इस सीट से लगातार चार बार सांसद बने। 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कृष्णा मार्डी जीते। 1996 में पहली बार इस सीट पर भाजपा का खाता खुला। भाजपा के टिकट पर चित्रसेन सिंकू जीते। 1998 में कांग्रेस ने वापसी की और विजय सिंह सोय जीते। 1999 में भाजपा के टिकट पर लक्ष्मण गिलुवा जीतने में कामयाब हुए। 2004 में एक बार फिर इस सीट से बागुन सुंब्रुई कांग्रेस के टिकट पर पांचवीं बार संसद पहुंचे। 2009 में इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मधु कोड़ा जीते। 2014 के चुनाव में भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा जीते। 2019 में कांग्रेस ने फिर बाजी पलट दी और उसकी प्रत्याशी गीता कोड़ा ने लक्ष्मण गिलुवा को हरा दिया।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| गीता कोड़ा | कांग्रेस | 431815 |
| लक्ष्मण गिलुवा | भाजपा | 359660 |
| हार का अंतर | | 72155 |

### सीट से जुड़े हैं कई दिलचस्प मिथक

सिंहभूम लोकसभा सीट से कई दिलचस्प मिथक जुड़े हुए हैं। हालांकि 2019 के चुनाव में गीता कोड़ा ने इनमें से कई मिथकों को तोड़ा। पहला मिथक तो यही था कि आज तक यहां से केवल 'हो जाति' के ही उम्मीदवार जीतते रहे हैं। दूसरा मिथक यह था कि यहां की जनता ने कभी किसी महिला प्रत्याशी को नहीं जिताया। एक अन्य मिथक यह है कि पूर्व सांसद बागुन सुंब्रुई के अलावा यहां पर किसी को लगातार जीत नहीं मिली है। लक्ष्मण गिलुवा दो बार 1999 और 2014 में यहां पर जीत हासिल की, लेकिन वह भी लगातार नहीं जीत पाये। पहला मिथक तो अब भी बरकरार है, लेकिन दूसरा मिथक गीता कोड़ा ने 2019 में तोड़ा, जबकि इस बार यह देखना दिलचस्प होगा कि तीसरा मिथक वह तोड़ पाती हैं या नहीं।

### क्या है इस बार का सियासी परिदृश्य

2024 के लोकसभा चुनाव में कोल्हान की धरती पर राजनीति नये रास्ते पर चल सकती है। सिंहभूम लोकसभा सीट पर उलटफेर का प्लॉट तैयार हो रहा है। इस सीट से वर्तमान कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा के फैसले चुनावी राजनीति को नया रंग देंगे। चर्चा है कि गीता कोड़ा भाजपा में जा सकती हैं। ऐसा हुआ, तो फिर चुनाव का मिजाज बदलेगा। समीकरण बदलेंगे। हालांकि सांसद गीता कोड़ा ने अब तक इस पर चुप्पी साध रखी है। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा लगातार पार्टी के कार्यक्रम में भी सक्रिय हैं। उनके पति और कभी निर्दलीय मुख्यमंत्री रहे मधु कोड़ा भी कांग्रेस की डोर पकड़ कर आगे बढ़ रहे हैं। कोड़ा दंपति की इस क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। दोनों 'हो जनजाति' के मजबूत नेता माने जाते हैं। खुद पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा इस सीट पर निर्दलीय चुनाव जीत चुके हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की भी नजर गीता कोड़ा पर है। भाजपा ने यदि गीता कोड़ा को अपने पाले में कर लिया, तो चुनावी जंग साध सकती है।

### अर्जुन मुंडा के चुनाव लड़ने की भी चर्चा

भाजपा के अंदरखाने में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के चुनाव लड़ने की भी चर्चा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि अर्जुन मुंडा नयी जमीन तलाश सकते हैं। केंद्रीय मंत्री इन अटकलों पर सटीक जवाब देते हैं कि पार्टी को निर्णय लेना है। जो उचित समझेगी करेगी, किसने सोचा था कि हम खूंटी से चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन पार्टी ने निर्णय लिया, तो चुनाव लड़े। इस सीट से भाजपा तीन बार चुनाव जीत चुकी है। 1996 के लोकसभा चुनाव में चित्रसेन सिंकू ने पहली बार भाजपा को जीत दिलायी थी। झारखंड पार्टी, कांग्रेस और झामुमो के दबदबा वाले क्षेत्र में भाजपा की पहली सेंधमारी थी। इसके बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे लक्ष्मण गिलुवा दो बार सांसद रहे। इस सीट पर पूर्व आइएएस जेबी तुबिद भी अपनी दावेदारी करते हैं, वहीं बड़कुंवर गगरई उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल हैं, लेकिन सिंहभूम सीट पर सारे समीकरण गीता कोड़ा के आसपास हैं। वह भाजपा में गयीं, तो मामला कुछ और होगा।

### झामुमो कर रहा है दावेदारी

इधर विपक्षी गठबंधन में इस बार झामुमो की दावेदारी फलक पर आयी है। कोल्हान में झामुमो की मजबूत पकड़ है। सिंहभूम लोकसभा सीट में पड़ने वाले छह विधानसभा क्षेत्रों में पांच झामुमो के पास हैं। गीता कोड़ा ने कोई बड़ा राजनीतिक फैसला लिया, तो झामुमो का ही रास्ता साफ होगा, क्योंकि कांग्रेस के पास फिर उम्मीदवार का टोटा होगा। वहीं झामुमो अपने को एनडीए के खिलाफ लड़ाई में आगे कर लेगा। झामुमो के पास उम्मीदवार की लंबी फेहरिस्त है। झामुमो नेता और चक्रधरपुर से विधायक सुखराम उरांव इस सीट से अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं दीपक बिरुआ जैसे तेज-तर्रार और आंदोलनकारी पृष्ठभूमि वाले नेता झामुमो के पास हैं। ऐसे हालात में सिंहभूम सीट पर झामुमो की दावेदारी कांग्रेस पर भारी पड़ेगी।

### सिंहभूम के चुनावी मुद्दे

इस बार के संसदीय चुनाव में सिंहभूम के मतदाता प्रत्याशियों को मुद्दों पर तौलेंगे। इस क्षेत्र में वैसे तो कई मुद्दे हैं, लेकिन पलायन, प्रदूषण और गरीबी के साथ नक्सली समस्या सबसे प्रमुख है। इसके अलावा अंधवश्विास, डायन हत्या, मानव तस्करी जैसी समस्याओं से यह संसदीय क्षेत्र दो-चार हो रहा है। आजादी के बाद भी इस क्षेत्र में विकास नहीं हुआ। उच्च और तकनीकी शिक्षा में यह इलाका पिछड़ा है। सिंचाई के मौलिक संसाधनों से लोग अभी भी जूझ रहे हैं। माना जा रहा है कि आगामी चुनाव में ये मुद्दे सत्ता का रास्ता तय करने वाले कारक हैं। सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के विकास को समझने के लिए यहां उद्योग, रोजगार, कृषि और शिक्षा के संसाधनों का सच जानना जरूरी है। अगर इन सभी बातों पर विचार करें, तो यहां न तो औद्योगिक विकास हुआ और न ही शिक्षा के नये संस्थान बने। अगर बने भी तो, संसाधनविहीन। विशेषकर मानव संसाधन की कमी इस क्षेत्र में दिखती है।

www.epaper.azadsipahi.in

21 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 122









# रांची पहुंची भारत और इंग्लैंड की टीम

## खिलाड़ियों को देखने पहुंचे क्रिकेट प्रेमी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच होनेवाले चौथे टेस्ट मैच को लेकर दोनों टीम रांची पहुंच गयी हैं। खिलाड़ियों को देखने के लिए एयरपोर्ट पर प्रशंसक भारी संख्या में पहुंचे थे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों के उतरते ही प्रशंसकों ने दोनों टीमों का स्वागत किया और हाथ हिला कर उनका अभिवादन किया। वहीं कई खिलाड़ियों ने भी अपना हाथ हिला कर फैंस को धन्यवाद दिया। क्रिकेट प्रेमियों की भारी



भीड़ को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने खिलाड़ियों के निकलने के लिए विशेष गेट का इंतजाम किया। इस गेट के दोनों तरफ लोहे की बैरेकेडिंग लगा दी गयी थी। खिलाड़ियों को बस से रेडिशन ब्लू होटल लाया गया। यहां भी हॉल के बाहर काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए मौजूद थे। गौरतलब है कि रांची के जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में 23 फरवरी से 27 फरवरी तक टेस्ट क्रिकेट मैच का आयोजन होगा। इसको लेकर 20 फरवरी मंगलवार को दोनों टीमों के सभी खिलाड़ी रांची पहुंचे हैं। रांची में सभी खिलाड़ी आगामी सात दिनों तक रुकेंगे। 21 और 22 फरवरी को दोनों टीमों के खिलाड़ियों का प्रैक्टिस सेशन चलेगा। वहीं टेस्ट मैच को लेकर जिला प्रशासन और स्टेडियम प्रबंधन की ओर से सारे इंतजाम कर लिये गये हैं।

## न्यूज रील्स

### मराठाओं को 10% आरक्षण देगी शिंदे सरकार

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा में मंगलवार को मराठाओं को 10 फीसदी आरक्षण देने का बिल पास हो गया। अब इस बिल को विधान परिषद में पेश किया जायेगा। वहां से पास होने के बाद यह कानून बन जाएयो। शिंदे सरकार ने इस बिल के लिए एक दिन का स्पेशल सेशन बुलाया है। मराठा आरक्षण बिल पारित होने से मराठाओं को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 10% आरक्षण मिलेगा। राज्य में 52% आरक्षण पहले से है। 10% मराठा आरक्षण जुड़ने से रिजर्वेशन लिमिट 62% हो जायेगी।

### सोनिया गांधी बनीं राजस्थान से राज्यसभा सांसद

जयपुर। राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से तीनों उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गये। नाम वापसी का समय पूरा हो जाने पर मंगलवार को चुनाव अधिकारी ने तीनों प्रत्याशियों के विजयी होने की घोषणा की। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा सांसद निर्वाचित हुई हैं। उन्हें कांग्रेस ने राजस्थान से प्रत्याशी बनाया था। वहीं, भाजपा के दोनों प्रत्याशी मदन राठौड़ और चुन्नीलाल गरासिया भी राज्यसभा के सदस्य बन गये हैं। घोषणा के बाद मदन राठौड़ और चुन्नीलाल गरासिया ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया। सोनिया गांधी की ओर से उनके एजेंट ने सर्टिफिकेट प्राप्त किया। सोनिया गांधी ने 14 फरवरी और बीजेपी के दोनों प्रत्याशियों ने 15 फरवरी को नामांकन जमा किया था।

## मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना के स्वीकृति पत्र बांटे

# तीन महीने में नौ लाख परिवारों को मिलेगा आवास : चंपाई सोरेन

- सरकार की योजनाओं से लोगों को कराया अवगत
- रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराना प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आज हमारी सरकार गिरिडीह की धरती पर अबुआ आवास योजना का लाभ देने पहुंची है। तीन जिला बोकारो, धनबाद और गिरिडीह के 35 हजार से ज्यादा आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा है। यह झारखंड वासियों के लिए विडंबना है कि यहां का कोयला देश को रोशन कर रहा है, लेकिन इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में लोग आज भी कच्चे मकान अथवा झुग्गी-झोंपड़ी में रहने के लिए मजबूर हैं। अगले तीन महीने में नौ लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को गिरिडीह में अबुआ आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे।

सीएम चंपाई ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बीच जाकर उनकी स्थिति और रहन-सहन को समझने का प्रयास किया है। उनकी सोच और किये गये विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक व्यवस्था को हमारी सरकार मजबूत करने का पूरा प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की इस पावन भूमि पर खनिज-संपदा प्रचुर मात्रा में मौजूद है, परंतु इन खनिज संपदाओं का लाभ यहां की बुनियादी व्यवस्थाओं को नहीं मिल पाया। आज हमारी सरकार सभी मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और मजबूत कर रही है।

**अंतिम पायदान के व्यक्ति तक लाभ पहुंचेगा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम विकास की राह में खड़े अंतिम पायदान के व्यक्ति तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचायेंगे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के पदाधिकारी ने ग्राम-पंचायत तथा घर-घर पहुंच कर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया है। हमारी सरकार का प्रयास है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाये।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, मंत्री बेबी देवी, विधायक विनोद सिंह, सुदिव्य कुमार, विधायक लंबोदर महतो, पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे तथा अन्य लोग मौजूद थे।



### सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला

चंपाई सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शिक्षा, किसानों को पानी, सवर्जन पेंशन आदि का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने इन क्षेत्रों में बेहतर काम किया। हमारी सरकार उसे आगे बढ़ायेगी। उन्होंने स्कूल आफ एक्सीलेंस, गुरुजी क्रेडिट कार्ड समेत शिक्षा से जुड़ी अन्य योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने स्कूलों को बंद कर दिया। हम शिक्षा का ऐसा 'दीप' जलायेंगे जो कोई बुझा नहीं पायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने के लक्ष्य के साथ कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने पर निरंतर कार्य हो रहा है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत अब एसटी, एससी समुदाय की महिलाओं सहित सभी वर्ग समुदाय की महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र से ही पेंशन का लाभ मिलेगा। हमारी सरकार योजना झारखंड वासियों को 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त में देगी।

## पीएम ने किया योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

# झारखंड को तीन नवोदय विद्यालय की सौगात

- गढ़वा, हुसैनाबाद और पाकुड़ में आवासीय स्कूल का उद्घाटन-देखें पेज 10 भी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को झारखंड को तीन नवोदय विद्यालयों की सौगात दी। उन्होंने गढ़वा, हुसैनाबाद और पाकुड़ में इन आवासीय विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन किया। समारोह जम्मू में आयोजित किया गया था, जहां से पीएम मोदी ने करीब 32 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। उन्होंने जम्मू में एम्स और आइआइएम के उद्घाटन के अलावा जम्मू एयरपोर्ट के नये टर्मिनल भवन और 'कॉमन यूजर फैसिलिटी' पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों में ऑनलाइन केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय का भी उद्घाटन-शिलान्यास किया। मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद, अलगाववाद की आवाजें उठती थीं, अब यहां हर सेक्टर में विकास हो रहा है। राज्य में अब 12 मेडिकल कॉलेज हैं। घाटी ट्रेन से जुड़ चुकी है। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा राज्य है, जहां दो एम्स बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से 370 जाने के बाद आज मैंने हिम्मत के साथ देशवासियों को कहा है कि अगले चुनाव में भाजपा को 370 दीजिए और एनडीए को 400 पार कर दीजिए। सब मिल कर आगे बढ़ेंगे।



### मोदी ने वर्चुअली इनका भी उद्घाटन किया

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के देवप्रयाग (उत्तराखंड) और अगरतला (त्रिपुरा) के 2 कैंपस ।
- केंद्रीय विद्यालयों के 20 नये भवन और 13 नये नवोदय विद्यालय भवन।
- पांच केंद्रीय विद्यालय परिसर, एक नवोदय विद्यालय परिसर और नवोदय विद्यालयों के लिए पांच बहुद्देशीय हॉल का शिलान्यास।

### पीएम ने राज्य के तीन विश्वविद्यालयों को 140 करोड़ रुपये दिये

रांची। पीएम मोदी ने मंगलवार को राज्य के तीन विश्वविद्यालयों को पीएम उषा (उच्चतर शिक्षा अभियान) के तहत लगभग 140 करोड़ रुपये प्रदान किये। विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग को 99.79 करोड़ तथा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू), डाल्टनगंज और कोल्हान विश्वविद्यालय (केयू), चाइबासा को 20-20 करोड़ रुपये मिले। मौके पर प्रधानमंत्री ने बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालयों के डिजिटल सशक्तिकरण जैसे कार्यक्रमों की शुरुआत की। इस अनुदान राशि से विश्वविद्यालय को शिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा। पीएम उषा भारत सरकार की योजना है। यह रूसा से अलग है, लेकिन पीएम उषा रूसा की ही अगली कड़ी है। देखें पेज चार भी

# सुप्रीम कोर्ट ने आप-कांग्रेस उम्मीदवार को मेयर घोषित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आप-कांग्रेस के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का मेयर घोषित कर दिया। कोर्ट ने चुनाव अधिकारी (रिटर्निंग अफसर) अनिल मसीह को नोटिस दिया है।

कोर्ट ने कहा कि अफसर ने अदालत में झूठ बोला। केस की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में डाले गये वोटों की दोबारा गिनती की जाये। अनिल मसीह ने जिन आठ बैलट्स पर निशान लगाये थे, उन सभी को वैध माना जाये। सभी बैलट्स की गिनती के आधार पर जीतनेवाले कैंडिडेट का फैसला हो।

## जमीन किसकी: सरकार, एचइसी, स्मार्ट सिटी या विधायक की

# अंबा प्रसाद के सरकारी आवास पर अवैध निर्माण

- आवास की बाउंड्री तोड़ बन गया दो तल्ला मकान
- बाउंड्री कर आसपास की जमीन की हो रही घेराबंदी

प्रशांत झा

**रांची (आजाद सिपाही)।** एक कहावत है 'गांव बसा नहीं, बिलैया लोटन लगीं'। रांची के स्मार्ट सिटी में यह कहावत चरितार्थ हो रही है। अभी स्मार्ट सिटी बसी नहीं और अवैध निर्माण की शुरुआत हो गयी। यह निर्माण कहीं और नहीं कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के सरकारी आवास पर हो रहा है। आवास की पुरानी चहारदीवारी को तोड़ कर स्मार्ट सिटी की तरफ दो तल्ला घर का निर्माण कर दिया गया है। इतना ही नहीं, नयी चहारदीवारी के लिए आसपास की जमीन को भी घेरा जा रहा है। इस मामले में फिलहाल सभी ने चुप्पी साध रखी है।

**क्या है मामला :** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को एचइसी सेक्टर-2 में एफ-44 आवास मिला हुआ है। यह आवास सरकार के भवन निर्माण विभाग के अधीन है। इसके पीछे की जमीन एचइसी की थी। सरकार ने इस क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के निर्माण के लिए एचइसी से जमीन खरीद ली है। इसे स्मार्ट सिटी को दे दिया गया है। इलाके के लोगों का कहना है कि अंबा प्रसाद के सरकारी आवास के पीछे चाहरदीवारी के अंदर ही पहले टिन का अस्थायी कमरा बनाया गया था। फिर आवास की चहारदीवारी को तोड़ कर यहां पक्का निर्माण हो गया और अब चहारदीवारी को आसपास की जमीन को घेरते हुए बनाया जा रहा है।






फोटो : प्रदीप ठाकुर

### जमीन किसकी इसकी अंदरखाने हो रही जांच

विधायकों और अधिकारियों को जो सरकारी आवास एलॉट किया जाता है, उनमें से ज्यादातर आवासों को सरकार ने एचइसी से खरीद लिया है। ये सभी आवास सरकार के भवन निर्माण विभाग के अधीन हैं। विभाग द्वारा ही इसके रखरखाव या बदलाव का कार्य किया जाता है। सूत्रों का कहना है कि सरकार ने जो अवास लिया, वह पहले जो चहारदीवारी थी, उतने ही क्षेत्र तक था। उसके पीछे की जमीन एचइसी की थी। एचइसी ने इलाके में ज्यादातर हिस्सा स्मार्ट सिटी को बेच दिया है। संभव है कि कुछ क्षेत्र एचइसी के पास हो। अब यह जमीन एचइसी की है, या स्मार्ट सिटी की यह सटीक रूप से कहना संभव नहीं है। संभवतः यह स्मार्ट सिटी की ही जमीन है। स्मार्ट सिटी को अवैध निर्माण की जानकारी मिल गयी है। सूत्रों के मुताबिक अंदरखाने में इसकी जांच चल रही है कि जमीन एचइसी की है या स्मार्ट सिटी की। इसके बाद आगे का कदम उठाया जायेगा।

### निर्माण हर तरह से अवैध

स्मार्ट सिटी में सड़क का निर्माण हो चुका है। बिजली-पानी की सुविधा हो चुकी है। अंबा प्रसाद के आवास की चाहरदीवारी तोड़ कर जो नया घर बनाया गया है, उसका प्रवेश स्मार्ट सिटी की ओर से भी है। सरकारी आवास और नये घर को अलग-अलग हिस्सों में कभी भी आराम से बांटा जा सकता है। लोगों का कहना है कि यह जमीन स्मार्ट सिटी की हो या फिर एचइसी की, इस पर कब्जा अवैध रूप से ही किया गया है। क्योंकि आवास का क्षेत्र पूर्व की चहारदीवारी तक ही था। दूसरा निर्माण कार्य भी अवैध है। इलाके के लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या किसी विधायक को अपनी मर्जी से सरकारी आवास में कोई परमानेंट फेरबदल करने का अधिकार है? यह भवन निर्माण विभाग के आदेश पर बना या विधायक अंबा प्रसाद के आदेश पर? क्या यह वैध है? क्या इसका नक्शा पास कराया गया है? लोगों का कहना है कि अभी तो यह एक मामला सामने आया है, पूरी स्मार्ट सिटी तैयार होते-होते अवैध कब्जे के कई मामले सामने आयेंगे।



## मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लगा शिविर



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के योगीयाटिल्हा पंचायत सचिवालय में मुखिया इरफान अंसारी ने शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को बताया कि मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से 50 वर्ष की महिला व एससी एसटी के पुरुष लाभकों को लाभान्वित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इसके तहत लाभुक आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। उन्होंने कहा आप लोग फार्म जमा करें उसके बाद प्रखंड में जमा होने के बाद जांच होगी और योग्य लाभकों को इसका लाभ दिया जायेगा। मौके पर वार्ड सदस्य एवं महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

## डीडीसी ने किया डोमचांच प्रखंड का भ्रमण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा डोमचांच प्रखंड का दौरा किया गया। इस क्रम में उन्होंने प्रखंड कार्यालय का भ्रमण किया और मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं, 15वें वित योजना समेत समीक्षा कर आवश्यक दिये। उप विकास आयुक्त द्वारा मधुवन पंचायत का भ्रमण कर आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। उप विकास आयुक्त ने बागवानी हेतु लगायें गये पौधा को बेहतर रख रखाव के निर्देश दिया गया। इसके साथ ही कूप सिंचाई योजना के तहत कुंआ निर्माण की जानकारी ली। उप विकास आयुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत कूप योजना से लाभुकों को आच्छादित करें। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड के कर्मी मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने जीवन मिशन जागरूकता रथ को किया रवाना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता और अनुश्रवण हेतु आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जल जीवन मिशन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जल रथ जिले के सभी प्रखंडों और गांवों में घुम-घुमकर आम लोगों को जल की गुणवत्ता और अनुश्रवण के साथ हमारे दैनिक जीवन में जल के महत्व के बारे में जागरूक करने का कार्य करेगी। जल जीवन मिशन के तहत चल रहे योजनाओं की भी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल कोडरमा अभय टोप्पो, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत व अन्य मौजूद रहे।

## झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति कोडरमा के द्वारा न्याय यात्रा ग्राम सतडीहा पंचायत में किया गया। पदयात्रा के बाद सतडीहा चौक पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता जयनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह व संचालन प्रखंड सचिव सचिव विनय राणा ने किया। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि झारखंड बने 24 वर्ष हो गये लेकिन इन चौबीस वर्षो में अगर कोई झारखंड का विकास किया तो वो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। जैसे अबुवा आवास, किसोरी समृद्धि सर्वजन पेंशन सहित कुल 132 योजना झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड की जनता के लिए चलाया जा रहा है। इससे भाजपा में घबराहट हो गया जिसके चलते केंद की मोदी सरकार के द्वारा झूठा मुकदमा कराकर जेल भेजने का काम किया। जिला सचिव शयामदेव यादव ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। चुनाव से पहले महंगाई कम करने की बात करती थी जबकि चुनाव जीतने के बाद महंगाई आसमान छू रहा है। लेकिन इसपर एक भी भाजपा नेता मुंह नही खोलते हैं। केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन जी के द्वारा बिधान सभा मे डंके की चोट पर बोला गया कि है हिम्मत है तो साढ़े आठ एकड़ जमीन मेरा है तो पेपर पटक कर भाजपा और ईडी वाले दिखा दे मैं राजनीति से सन्यास ले लूंगा लेकिन अबतक किसी भाजपाई नेताओं के पास कोई जवाब नहीं है। सभा को 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, बैजनाथ मेहता, जिला प्रवक्ता शशिकांत पाण्डेय, महिला जिलाध्यक्ष निर्मला तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, रामेश्वर यादव, बसंती देवी सहित कई ने संबोधित किया। न्याय पदयात्रा में जगरनाथ पासवान, सुदामा यादव, परमेश्वर यादव, राजेन्द्र चौधरी, रेणु देवी, अनिता देवी, चांदनी देवी, सहोदरी देवी, इंद्रा देवी, कविता देवी, मंजू देवी, जीबन खातून, डिलों यादव, रामलखन यादव, रुमीला खातून, बोधि यादव, महादेव यादव, मिथलेश यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मरकच्चो में पंसस की बैठक में उठे कई मुद्दे



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने की। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। कुछ मुद्दों पर सदस्यों ने हंगामा करने का भी प्रयास किया लेकिन प्रखंड प्रमुख ने सब को शांत कर के मामले को आगे बढ़ाया। पंचायत समिति की बैठक में प्रखण्ड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने अबुआ आवास का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास में आहर्ता रखने वालों का नहीं हो रहा है और जो आहर्ता नहीं रखते हैं उनका अबुआ आवास हो रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए। मुखिया रणजीत कुमार सिंह ने मुद्दा उठाया कि ग्रीन कार्ड बनाने के लिए लाभुकों से 5 से 6 हजार रुपये लेकर ग्रीन कार्ड बनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों के द्वारा गरीबों का दिया गया लिस्ट को दरकिनार कर दिया जाता है। पंचायत समिति सदस्य नसीम अंसारी ने मुद्दा उठाया कि डीलर राशन लेने के लिए फिंगर प्रिंट ले लेने के बाद आठ दिनों बाद राशन देने का मुद्दा उठाया। इसपर एमओ ने बताया कि फिंगर प्रिंट लेने के बाद तुरत अनाज देना है। पंसस नितिन चन्द्र गुप्ता ने कहा कि 15वीं वित्त 2021-2022 में जो काम हुवा उसका अभी तक पेमेंट नही हुआ है। इसपर बीडीओ सना उस्मानी ने कहा कि बहुत जल्द पेमेंट हो जायगा। कई पंचायत समिति सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं चापानल, नाली समेत अन्य मुद्दों को उठाया। वहीं पंचायत समिति सदस्य की बैठक में आमंत्रित मुखिया के रूप में चार पंचायत के मुखिया का चयन किया गया जिसमें नवाडीह, देवीपुर, कादोडीह, सिमरिया पंचायत के मुखिया आमंत्रित रहेंगे। इस अवसर पर प्रखंड उप प्रमुख पिंकी देवी, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, बीपीओ राकेश रंजन, एमओ कमल किशोर सिंह, मुखिया रणजीत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि कैलाश यादव, महिला पर्यवेक्षिका माधुरी कुमारी, बिभा कुमारी, पंसस नितिन चन्द्र गुप्ता, दीपक कुमार, धानेश्वर यादव, नसीम अंसारी, गोविंद यादव, गीता देवी, रहेना खातुन, सहदेव यादव, मधु कुमारी आदि उपस्थित थे।

# शिक्षकों की कमी पर ध्यान देने की आवश्यकता: अन्नपूर्णा देवी

**उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत पीएम मोदी ने विनोबा भावे विवि को 99.79 करोड़ की सहायता दी**

**नीलांबर-पीतांबर और कोल्हान यूनिवर्सिटी को 20-20 करोड़ की सहायता दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** पिछले 10 वर्षों में भारत के शिक्षा के क्षेत्र में जो युगांतरकारी उपलब्धियां हासिल की गयी है उसमें पीएम यूएसएचए मिल का पत्थर है। यह पीएम आरयूएसए का नया संस्करण है। उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा के सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कही। वे आज बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तत्वावधान में बहु अनुशासनात्मक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय एमइआरयू कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर संबोधन कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि 2047 में हम स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनायेंगे। उस समय हम कैसा भारत चाहते हैं इसी को निर्धारित करता है प्रधानमंत्री जी का विकसित भारत अभियान। इसमें शिक्षा क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान होगा। यही कारण है की विश्वविद्यालय के सशक्तिकरण पर इतनी बड़ी राशि का निवेश किया जा रहा है।

झारखंड बिहार से केवल विनोबा भावे विश्वविद्यालय को इतनी बड़ी राशि उपलब्ध कराये जाने पर अन्नपूर्णा देवी ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 32 वर्ष हो गये हैं। उन्होंने आगे कहाः मैं आज इस मंच से आग्रह करती हूं कि हम सब विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ आज से ही कार्य प्रारंभ करें। अन्नपूर्णा देवी ने कहा हमारे विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। सिर्फ उन्हें अवसर उपलब्ध कराने की जरूरत है। राज्यों को उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार करने के कार्य करने पड़ेंगे। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की कमी पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे बताया कि उच्च शिक्षा में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं के साथ-साथ कुल नामांकन में वृद्धि, विश्व में स्टेम शिक्षा कार्यक्रम में सर्वाधिक महिलाओं को जोड़ने वाला राष्ट्र बनने की ख्याति, भारतीय भाषाओं में उच्चतर स्तर तक अध्ययन-अध्यापन जैसे कई बिंदुओं के माध्यम से नई शिक्षा नीति ने सभी को आगे बढ़ने का कार्य प्रारंभ किया है।



## बिनोवा भावे विश्वविद्यालय को 99.79 करोड़ रुपये मिले

**हजारीबाग(आजाद सिपाही)। झारखंड से तीन विश्वविद्यालयों का चयन हुआ है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय एवं कोल्हन विश्वविद्यालय को 20-20 करोड़ रुपये श्रेणी में चयन किया गया है। बिहार-झारखंड से इकलौता विश्वविद्यालय बिनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग है जिसे 99.79 करोड़ रुपये के लिए चयनित किया गया है। उपरोक्त अनुदान के लिए पूरे भारत से कुल 78 विश्वविद्यालय का चयन हुआ है। इसमें से मात्र 26 विश्वविद्यालय का चयन 99 तथा 100 करोड़ श्रेणी के लिए चयन किया गया है। इसमें विनोबा भावे विश्वविद्यालय का चयनित होना बहुत बड़ी उपलब्धि है। विश्वविद्यालय के कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा के मार्गदर्शन में उक्त अनुदान के लिए विश्वविद्यालय की तरफ से प्रस्ताव नवंबर 2023 को समर्पित किया गया था। इस संबंध में रांची में उच्च शिक्षा निदेशालय में आयोजित प्रथम स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार, अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ उमेंद्र सिंह एवं विश्वविद्यालय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अरुण मिश्रा ने भाग लिया था। इसके बाद विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ किशोर कुमार गुप्ता एवं रूसा के निदेशक डॉ चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व में प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया गया था। कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी। विश्वविद्यालय के शिक्षक-शिक्षक के उत्तर एवं विद्यार्थियों ने कुलपति एवं उनके दल को इस बड़ी उपलब्धि के लिए धन्यवाद दिया है।**

# एनटीपीसी ने लगाया चिकित्सा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव गुरुचट्टी मुस्लिम मोहल्ला मदरसा स्थित एनटीपीसी के सामुदायिक भवन प्रांगण में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के सौजन्य से चिकित्सा शिविर का आयोजन समाजसेवी मोहम्मद साबिर के नेतृत्व में लगाया गया। उक्त सिविल में 115 मरीज का इलाज डॉक्टर सागर कुमार और डॉक्टर विदुषी कुमारी के द्वारा किया गया। सिविर को संबोधित करते हुए परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक कमलाराम रजक ने कहा कि परियोजना के पोषक क्षेत्र में आये दिन समय-समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी आलोक में ग्रामीणों के मांग पर गुरु चट्टी में भी चिकित्सा सिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर अपना इलाज कराया साथ ही साथ सभी मरीजों को आवश्यकता अनुसार डॉक्टर के सलाह पर मुफ्त दवा भी दिया गया। रजक ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा इस तरह की शिविर लगाने का भविष्य में भी आग्रह किया गया। मौके पर वीरेंद्र कुमार, कुलदीप ओझा, फुलाशो कुमारी, बजरंगी कुमार सहित अन्य लोगों ने शिविर में सहयोग कर रहे थे।




## लेखन प्रतियोगिता में बच्चे हुए सम्मानित




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गंगपाचो स्तिथ डिवाइन पब्लिक स्कूल में हस्त लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने बच्चों की सुंदर लेखनशैली की सराहना करते हुए कहा कि आज के हाइटैक युग में बच्चों की अच्छी लेखनशैली उनकी प्रतिभा का दर्पण है। इसमें वर्ग एक से ग्यारवी तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य स्वाति ने कहा कि किसी व्यक्ति की लिखावट से उसके व्यवहार, उसकी जीवन शैली पता चलता है। इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों की लिखावट में सुन्दरता आती है और लिखने की गति का अभ्यास होता है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।**

## विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में 20 सूत्री बैठक

# मनरेगा में हो रही गड़बड़ी पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को 20 सूत्री की बैठक हुई। अध्यक्षता 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा और संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। बैठक में सभी विभाग की बिंदुवार समीक्षा की गयी। जिसमे मनरेगा, अबुआ आवास, विद्युत विभाग, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, थाना, पशुपालन विभाग, जेएसएलपीस, सिंचाई योजना, बिरसा हरित क्रांति योजना समेत विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारियों ने जानकारी दी। मनरेगा में निकासी को लेकर हो रही गड़बड़ी पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी और मजदूरों के नाम पर हो रही अवैध निकासी को लेकर शीघ्र अतिशीघ्र संबंधित कार्रवाई करने की अनुसंशा की गयी। कुछ विभागों के पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पायी गयी जिसमें वन विभाग पदाधिकारी की अनुपस्थिति लंबे समय से चली आ रही है, इसलिए अनुपस्थित पदाधिकारियों की समीक्षा हेतु अनुसंशा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी विकास कुमार टुड्डू, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, भुवनेश्वर पटेल, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति, कपिलदेव चौधरी, राजू श्रीवास्तव, अब्बास अंसारी, विशेश्वर स्वर्णकार, लक्ष्मी देवी, राणा इकबाल खान, बीपीओ राजमोहन वर्मा, ममता सिंह, जीपीएस रामचंद्र दांगी, पशुपालन पदाधिकारी डा चंद्रवेश्वर प्रसाद, अभय कुमार, कुणाल कुमार, पियूष कुमार, कल्याण पदाधिकारी शीतल कंडेर, राज कुमार, कनीय अभियंता नीरज हजारी, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।



# ब्लू स्टोन की वर्षों से संचालित खदान पर चला बुलडोजर

**चार जेसीबी के जरिये खदानों को किया ध्वस्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वन्य प्राणी क्षेत्र लोकाई इंदरवा के जंगली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित बेशकीमती ब्लू स्टोन की खदानों पर टास्क फोर्स ने कार्रवाई की। इस दौरान चार जेसीबी के जरिये अवैध संचालित ब्लू स्टोन की खदानों को ध्वस्त करते समतल कर दिया गया। कार्रवाई में जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, वन्य प्राणी प्रक्षेत्र हजारीबाग के सुरेश कुमार चौधरी, कोडरमा के रामबाबू कुमार, थाना प्रभारी सुजीत कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। जानकारी के मुताबिक अधिकारियों की टीम पुलिस बल के साथ पूर्वाह्न 11 बजे जेसीबी लेकर वन क्षेत्र में प्रवेश हुई और घंटों तक अवैध संचालित कई अवैध ब्लू स्टोन के खदान के मुहाने को भरा। जबकि जंगल में अवैध उत्खनन में शामिल लोगों द्वारा अस्थाई रूप से बने संरचनाओं को भी विभाग ने ध्वस्त कर दिया। मौके पर कर्मी गोपाल यादव, वन रक्षी सिकंदर यादव, दुर्गा प्रसाद महतो, छत्रपति शिवाजी, उस्मान अंसारी, मुकेश कुमार, अयूब अंसारी, कुंदन कुमार मौजूद थे। रेंज ऑफिसर रामबाबू कुमार ने बताया कि ब्लू स्टोन के अवैध रूप से खदान संचालित होने की सूचना पर टास्क फोर्स ने कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि यह वन्य प्राणी का इलाका करीब 46 एकड में फैला हुआ है। टास्क फोर्स का काम अवैध खनन, परिवहन के कार्य को रोकना है। उन्होंने बताया कि सालभर के भीतर इस इलाके में अवैध खनन के खिलाफ टास्क फोर्स की टीम ने चार दफा बडी कार्रवाई की है।



## पंचायत में लगा वृद्धा पेंशन शिविर



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला के हर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत में मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन लाभावंतित योजना 50 वर्ष से (एसटी) और (एससी) और महिलाए को दिया जाना है जिसे लेकर प्रखंड के पांच पंचायत में कर्मी प्रतिनियुक्ति कर शिविर का आयोजन किया गया झरपो पंचायत भवन में मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद बीएलओ उषा रानी की उपस्थिति में 25 आवेदन जमा लिया गया। उपमुखिया राजेंद्र प्रसाद ऊर्फ राजा वार्ड सदस्य रवि यादव सहित अन्य उपस्थित थे, टाटीझरिया पंचायत भवन में मुखिया सुरेश यादव पंचायत सचिव अनीता कुमारी बीएलओ यशोदा कुमारी, की उपस्थिति में 49 आवेदन जमा लिया गया। भराजो पंचायत भवन में मुखिया स्वास्तिका कुमारी ,पंचायत सचिव विश्वजीत दुबे बीएलओ चिंता देवी की उपस्थिति में 31 आवेदन जमा लिया गया, धर्मपुर पंचायत भवन में मुखिया कांति कुमारी पंचायत सेवक संजय कुमार बीएलओ रेशमी कुमारी की उपस्थिति में 32 आवेदन जमा लिया गया और डूमर पंचायत भवन मुखिया ममता देवी पंचायत सचिव मोइनउद्दीन चिस्ती बीएलओ कविता देवी की उपस्थिति में 47 आवेदन जमा लिया गया। इस कार्य में पंचायत के उपमुखिया और वार्ड सदस्य ने सहयोग किया।

## हदारी में निकली झामुमो की न्याय यात्रा



**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली के द्वारा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम के नेतृत्व में हदारी में न्याय यात्रा निकाला गया। न्याय यात्रा में जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा, हेमंत सोरेन मत घबराना तेरे पीछे झारखंड दीवाना आदि नारे लगाये गये। 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के ईसारे पर षड्यंत्र के तहत फसाया गया है। हम लोग को न्यायालय पर भरोसा है, उन्हें न्याय मिलेगा और वह जेल से जल्द छूटेंगे। न्याय यात्रा में मुख्य रूप से प्रखंड 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता, रामप्रवेश सिंह, बाबुन हसदा, पंचायत अध्यक्ष बंशी मेहता, सुरेश टुडू, पंचायत सचिव निर्मल गंझू, विजय भोक्ता, महादेव हेंब्रम, रितलाल हसदा, जगदीश हसदा, रामफल मेहता, सुरेंद्र मेहता, राजेंद्र ठाकुर, विनोद हसदा, दुलारचंद साव, सतीश मेहता, कुंदन मेहता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आइसीए में एलुमनी मीट का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** 19 को आइसीए, हजारीबाग में आज एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के पूर्व छात्र शेख सोनू को आमंत्रित किया गया। यह मिलन का आयोजन छात्रों को प्रेरित करने और उन्हें उनके स्वप्न-व्यवसाय की दिशा दिखाने के उद्देश्य से किया गया। शेख सोनू आइसीए के सफल पूर्व छात्रों में से एक हैं, जिन्हें संस्थान द्वारा रौशन फीड्स एंड ब्रीडिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, इचाक, हजारीबाग में अकाउंट असिस्टेंट के पद पर नौकरी दिलाई गयी है। इसके बाद, केंद्र प्रबंधक खुशबू सिन्हा ने छात्रों के साथ अपनी बात रखी। प्रबंध निर्देशिका तन्वी सिन्हा ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। केंद्र निदेशक मिथलेश कुमार ने छात्रों को सफल होने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सलाह दी। कार्यक्रम में आईसीए के अन्य सदस्य राज, सुप्रिया, प्रदीप, सौम्या, प्रतिमा और सुहाना भी उपस्थित थे। मीट का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी शेख सोनू से विभिन्न सवाल पूछे और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक और प्रेरक माहौल में हुआ, जिससे छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरणा मिली।

## हरली में ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन



**दारू/ हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत हरली पंचायत भवन में मंगलवार को एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन दारू शाखा के शाखा प्रबंधक विजय कुमार, सीएससी टीम मैनेजर एमडी निजामुद्दीन और हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस केंद्र के संचालक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र और प्रज्ञा केंद्र पंचायत भवन हरली में खुलने से ग्रामीण अब आसानी से सरकारी और गैर सरकारी किसी भी तरह की योजना का रजिस्ट्रेशन आसानी से करा पायेंगे। सीएससी टीम मैनेजर एमडी निजामुद्दीन ने कहा कि सीएसपी, प्रज्ञा केंद्र में सरकारी और गैर सरकारी जैसे श्रम कार्ड, बीमा जमा करना, बिजली बिल, डीटीएच रिचार्ज, ट्रेन टिकट, पैसा निकासी और जमा करना, पैसा ट्रांसफर, अटल पेंसन योजन इत्यादि सभी तरह के कार्य करने की सुविधा दी गयी है। हरली मुखिया फरजाना खातून ने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को अब ज्यादा दूरी तय नहीं करना होगा। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य गीता कुमारी, उप मुखिया चिंता कुमारी, वार्ड सदस्य और बड़ी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## मुखिया पर लगा पैसे लेने का आरोप

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मंगूरा पंचायत अंतर्गत जमुवारी गांव की महिला अंजू देवी ने मुखिया मीना देवी पर अबुआ आवास दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने तथा अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। महिला ने डीसी नैंसी सहाय को जनता दरबार में एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के दर्जनों ग्रामीण हस्ताक्षर युक्त दिए आवेदन में कहा है कि मेरी विधवा नदद मोसमत सुदामियां देवी का कच्चा जर्जर मकान पिछले साल बरसात में पूरी तरह से गिर चुका है। जिसे आबुवा आवास दिलाने के नाम पर मुखिया मीना देवी ने वार्ड संख्या 13 के सदस्य बेबी गिरी के माध्यम से चार हजार बतौर रिश्वत लिया है।

## विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना परिसर में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीपीओ कुलदीप कुमार और संचालन पंसस कृष्णा राम ने किया। समारोह में पुराने थाना प्रभारी बिनोद कुमार तिर्की के साथ -साथ 7 एसआई को अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी गयी। जबकि बड़कागांव थाना के नये थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह डाडीकला सहायक थाना के नये प्रभारी पिंटू कुमार को भी अंग वस्त्र, बुक्के देकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, बचनदेव कुमार, पिंटू कुमार, राम कुमार, रंजीत कुमार, हेमंत भुईया, मो. इब्राहिम, तकरमुल्ला खान, कृष्णा राम, भीखन महतो, चन्दन पूरी, सनित महतो, भवानी प्रसाद, कृष्णा सिंह, बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, रामसेवक महतो, रामधनी महतो, पंकज गुप्ता, सुरेश महतो, प्रभु राम, दिनेश्वर पासवान, मनोज प्रसाद दांगी, महेंद्र महतो, अनिल कुमार, जगतनन्द प्रसाद, आनंद कुमार, रितेश राव, चंदेश्वर किसको, शिवानन्द कुमार, अभय कुमार, बैजनाथ प्रसाद और कई प्रशासनिक पदाधिकारी, पत्रकार और पुलिस के जवान आदि उपस्थित थे।

## तोयरा को सीसीएल ने दी स्कूली बस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी और अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ, कुजू की संयुक्त पहल पर सीसीएल तोपा परियोजना ने तोयरा बस्ती के स्कूली बच्चों की सुविधाओं के लिए एक स्कूल बस उपलब्ध कराया। जिसका शुभारंभ तोयरा बस्ती में पार्टी के केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो और रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष सह अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ कुजू क्षेत्रीय सचिव रामभजन लाल महतो ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर स्कूल बस को रवाना किया। वही, ग्रामीणों ने आजसू नेता व प्रबंधन का आभार जताया। मौके पर तिवारी महतो ने कहा कि तोयरा वासियों के लिए आगे भी हर सुविधा दिलाने के लिए हम तैयार रहेंगे। संघ नेता रामभजन लाल महतो ने बताया कि ग्रामीणों की करीब 20 वर्षो से स्कूल बस की मांग थी, जो संघ और पार्टी की पहल पर ग्रामीणों को बस उपलब्ध करा दिया गया है। इसके लिए संघ कई बार आंदोलन और वार्ता किया है। इधर, ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल बस की मांग आज पूरी हो गयी है। इस अवसर पर लालचंद महतो, ज्ञानी महतो, विनोद महतो, दुबराज महतो, कुंदन महतो, विमल कुमार, ब्रिजेन्श तुरी, नंदकिशोर महतो, राथो महतो, फागु महतो, जीवन, हीरालाल महतो, राजेश, नारायण महतो, अनिल कुमार, सत्येंद्र महतो, टूकेश्वरी देवी, ज्योति देवी, विमला देवी, मीना देवी, बसंती देवी, खिरोधर महतो, कोलेश्वर रजवार, शिवशंकर महतो, शिव कुमार, लखन, जलेश करमाली समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

## मांडू प्रखंड के मुखियाओं ने की बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड मुखिया संघ की बैठक कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मांडू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह नावाडीह मुखिया संजय प्रसाद ने की। बैठक के दौरान मौजूद मुखिया और मुखिया प्रतिनिधियों ने झारखंड सरकार के अफसर पर अफसरशाही राज करने का आरोप लगाया। कहा कि पंचायत के विकास कार्यो में मुखियाओं को दरकिनार कर अफसर लोग अपना पद का दुरूपयोग कर कार्य करने में जुटे है। साथ ही, प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रहे अबुआ आवास योजना सहित अन्य कार्यो का अफसरों द्वारा निष्पादन करने पर पुरजोर तरीके से विरोध किया गया। साथ ही, आगामी 24 फरवरी को मांडू प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर कुजू पश्चिमी मुखिया जयकुमार ओझा, दक्षिणी मुखिया राकेश कुमार, पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, राजेन्द्र कुशवाहा, करण कुमार, रमेश राम, राजेश्वर करमाली, सरोज कुमारी, मो नफिश आलम, गुड़िया देवी, अरशद अंसारी, शक्ति कुमार मौजूद रहे।

## पतरातू रेलवे गेट क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रेलवे गेट अज्ञात वाहन के जोरदार टक्कर धक्का लगने से गेट क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त होने से आधा घंटा आवागमन बाधित रहा। वाहनों का लंबी कतार लग गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सहित सशस्त्र बल रेलवे गेट के पास पहुंचकर मुआयना करते नजर आये वही पतरातू पुलिस भी पहुंच कर जानकारी ली।

## वैंष्णो देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव संपन्न



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में माता की प्रतिमा की स्थापना का 33वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को माता के भंडारा के साथ संपन्न हुआ। माता का वार्षिकोत्सव बीते 14 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था। सात दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान मनीष मारवाह व उनकी पत्नी नमिता मारवाह थी। सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित गोविंद बल्लभ शर्मा व उनके सहयोगी पंडित लीलाधर शर्मा, किशोर शर्मा, मुरारी मोहन शर्मा, राजेश पांडेय, उपेंद्र पांडेय, सत्येंद्र द्विवेदी, अंकित पाठक ने करवाया।

## भुरकुंडा में कार्यशाला का आयोजन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मोमिन कांफ्रेंस झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका कर्मचारी संघ के तत्वावधान में मंगलवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता रामगढ़ जिला अध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुमायूं अंसारी, विशिष्ट अतिथि पूर्व अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष कमल खान, राष्ट्रीय मोमेंट कांफ्रेंस के प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष आलमगीर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, मां सतबहिनी ट्रस्ट सेवा ट्रस्ट के संस्थापक चमन लाल व अध्यक्ष प्रेमनाथ विश्वकर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष हुमायूं अंसारी ने संगठन की मजबुती पर बल देते हुए कहा की संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में भी सबों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। कार्यशाला में अन्य अतिथियों ने भी अपने-अपने विचार रखते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बतायी। मौके पर झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष शौकत खान, प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून, जिला अध्यक्ष सुनैना देवी, फिरदोस आलम, कुद्दुस संसारी, महफूज अंसारी, सज्जाद हुसैन, अख्तरी खातून सहित कई लोग मौजूद थें।

## झारखंड हाइकोर्ट में नक्सली बिनोद गंझू की जमानत पर हुई सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में टेरर फंडिंग केस के आरोपित प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू की जामनत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। मामले की जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच में सुनवाई हुई। बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू के ऊपर चतरा जिले के टंडवा थाना में वर्ष 2017 में कांड संख्या 7 दर्ज की गयी थी, जिसे टेकओवर कर एनआइए ने जांच की। विनोद गंझू पर एनआइए ने आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 427, 3, 4 आर्म्स एक्ट की धारा 27 और क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट की धारा 17 के तहत चार्जशीट दाखिल की है। अब अदालत 21 फरवरी को बिनोद गंझू की बेल पर सुनवाई करेगा।

# ग्रेन गोला की सरकारी जमीन को बचाने के लिए आम नागरिक हुए गोलबंद

- दो पूर्व वार्ड सदस्यों ने बुलाई आमसभा, थाने में होगी शिकायत
- ग्रेन गोला को भू-माफियाओं से बचाने के लिए करेंगे आत्मदाह : फजलू खान
- सरकारी जमीन बचाने वालों को भू माफिया दे रहे गुंडा का तमगा : अनमोल सिंह

**बीरू कुमार**



### पूर्व वार्ड सदस्य को मिली थी धमकी

फजलू खान ने कहा कि इस सरकारी जमीन को हड़पने के लिए भू माफिया पिछले कई वर्षों से सक्रिय हैं। लेकिन गोलपार की महान जनता ने उनके मंसूबों को हमेशा विफल किया है। उन्होंने कहा कि भू-माफियाओं का मनोबल पहले से भी काफी बढ़ा हुआ है। इसी जमीन पर कब्जे का विरोध उन्होंने पहले भी किया था। भू-माफियाओं ने उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। साथ ही पैसे लेकर चुप रहने का प्रलोभन भी दिया था।

### डीसी से नागरिकों ने लगायी गुहार

गोलपार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप आम सभा में छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह और पूर्व वार्ड पार्षद फजलु खान के साथ-साथ दर्जनों लोग शामिल थे। उन लोगों ने डीसी चंदन कुमार से एक बार फिर गुहार लगाई है और कहा है कि वह भू-माफियाओं पर नकेल कसें। उन्हें जिला प्रशासन की कार्य प्रणाली पर पूरा भरोसा है। उम्मीद है कि कोई भी फर्जी दस्तावेज के आधार पर सरकारी जमीन को हड़प नहीं सकता। लेकिन जिस तरीके से भू-माफिया सक्रिय हैं उस पर जिला प्रशासन ही लगाम लगा सकता है।

**रामगढ़।** शहर के ग्रेन गोला की सरकारी जमीन को बचाने के लिए अब आम नागरिक गोल बंद हो गये हैं। मंगलवार की शाम दो पूर्व वार्ड सदस्यों ने इस आम सभा में भू माफियाओं के खिलाफ बड़ा ऐलान किया। पूर्व वार्ड सदस्य फैजुलहक खान उर्फ फजलू खान ने कहा कि अगर इस सरकारी जमीन को बचाने के लिए आत्मदाह करना पड़े, तो वह उससे भी पीछे नहीं हटेंगे।

**जो खुद भू-माफिया हैं वह नागरिकों को बता रहे गुंडा: अनमोल सिंह:** आम सभा का संचालन कर रहे हैं छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह ने कहा कि जो खुद भू माफिया हैं वह आम नागरिकों को गुंडा बता रहे हैं। जब सरकारी जमीन खाता नंबर 59 प्लॉट नंबर 290 पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था, तब जिला प्रशासन के कई अधिकारी और पुलिसकर्मी यहां मौजूद थे। उस वक्त आम रास्ते को माफिया बंद कर रहे थे। नागरिकों ने उसे क्लियर किया था। अनमोल सिंह ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच अब पुलिस करें और भू माफियाओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस मामले में गोलपार्क की पूरी जनता रामगढ़ थाने जाएगी और बेबुनियाद आरोप लगाने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायेगी।

**आम सभा में ये थे उपस्थित**

आम सभा में ग्यास खान, सिराज खान, रिजवान मलिक, वसीम कुरैशी, मुन्नी खातून, सुशीला देवी, सरिता देवी, अनीता देवी, माना खातून, कुसुम देवी, रूना देवी, माना खातून, जोगन देवी, लक्ष्मी देवी, बरौनी देवी, चंदको देवी, रजनी देवी, शालू देवी, रीना देवी, मो शाहिद, नवीन सिंह, नेयात अली, कुंदन नायक, अज्जू नायक, दाऊद खान सहित कई लोग शामिल थे।

# टीएसपीसी के सब-जोनल कमांडर सहित तीन गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** जिले के कोयलांचल क्षेत्र टंडवा और पिपरवार थाना और रांची जिले के खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुड़मू और रातू थाना क्षेत्र के खनन और विकास कार्यों से जुड़े व्यवसायियों के लिए आतंक का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सबजोनल कमांडर अभिषेक उर्फ राजा उर्फ. शोभित, एरिया कमांडर इरफान अंसारी और सक्रिय सदस्य बलवंत को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर लिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि विगत कुछ दिनों से जिले के पिपरवार और टंडवा थाना क्षेत्र के कोल व्यवसाय और विकास कार्यों से जुड़े व्यवसायियों को टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर अभिषेक और एरिया कमांडर इरफान अंसारी उर्फ तूफान और सक्रिय सदस्य बलवंत उर्फ संदीप लोहरा के नाम पर जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी और लेवी की मांग की जा रही थी। जिसके कारण कोल व्यवसायियों में भय व्याप्त था। इन उग्रवादियों के धर पकड़ के लिए टंडवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित अनुसंधान और तकनीकी सहयोग से लगातार छापामारी कर सबजोनल कमांडर और एरिया कमांडर सहित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि सब-जोनल कमांडर अभिषेक शर्मा उर्फ राजा उर्फ. शोभित, पिता मुरारी शर्मा, माइन्स कॉलोनी क्वार्टर नंबर 317 धनिया थाना मैक्लुस्कीगंज, जिला रांची का रहने वाला है। इरफान अंसारी, पिता शहादत अंसारी ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ जिला लातेहार का रहने वाला है। जबकि संदीप लोहार बलवंत पिता भारत लोहार ग्राम जमुना घोड़ा थाना खलारी जिला रांची का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि एरिया कमांडर इरफान अंसारी परिवार थाना के ग्राम सिंह बिलारी में जय अंबे ट्रांसपोर्ट कंपनी के हाईवे में आगजनी की घटना को अंजाम देने वाला मास्टरमाइंड था। छापामारी दल टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के अलावा पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, सहायक निरीक्षक रूपेश कुमार महतो, दिलीप कुमार, अंजनी कुमार और सहायक अवर निरीक्षक सोमनाथ यादव के अलावा जिला पुलिस के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में हुई चोरी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** व्यवसाईयों के हितों के लिए लड़ने वाले रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में ही चोरों ने हाथ साफ कर दी है। चोरी की सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर मामले की जानकारी चेंबर के पदाधिकारी से लेकर छानबीन में जुट गयी है। इस मामले में चैंबर के सचिव मनोज चतुर्वेदी ने रामगढ़ थाना में एक आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि सोमवार की रात कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के भवन का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरों ने चैंबर ऑफ कॉमर्स में लगे 42 इंच की एलइडी टीवी, दो एक्साइड कंपनी की इनवर्टर की चोरी कर ली है। मामले में थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि चोरी हुई है। चोरों की धर पकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है, जल्द ही चोर गिरफ्तार होंगे।

# खड़ी गाड़ी पर अपराधियों ने चलायी गोली

- अपराधी फरार, मामले की जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**भुरकुंडा।** बलकुदरा खुली खान के समक्ष दो अज्ञात अपराधियों ने खड़ी इंडिका गाड़ी पर गोली चलाकर दशहत फैलाया दिया। हलांकि गाड़ी में कोई बैठा हुआ नहीं था जिसके कारण जान-माल की क्षति नहीं हुई, सिर्फ गाड़ी का शीशा टूट गया।घटना मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे की है। गोली चलने की घटना से मजदूरों में दहशत का माहौल है। जानकारी अनुसार बलकुदरा में टाटा मोटर्स की गाड़ियां बलकुदरा में ढुलाई का कार्य कर रही है। इसी को लेकर टाटा मोटर्स के इंजीनियर बलकुरा आये हुए थें। इसी क्रम में दो अज्ञात अपराधियों ने वहां खड़ी इंडिका जेएच 01 एएफ 4350 नंबर की गाड़ी पर गोली चलाते हुए भाग निकले। सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ बीरेंद्र राम, पतरातु इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, बासल थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार कुंटिया भुरकुंडा ओपी के एएसआई पुराण सिंह, एएसआई प्रदीप दुबे दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल से 8 एमएम का एक जिंदा गोली और खोखा बरामद किया है। मौके पर पतरातू एसडीपीओ बीरेंद्र राम ने कहा की दो अज्ञात अपराधियों ने गोली चलाई है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच-पड़ताल कर रही है। मौके पर भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, मैनेजर बबलू कुमार मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिये छापामारी अभियान में जुटी थी।

## डीएमएफटी फंड से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक

# मॉड्यूलर ओटी के कार्यो को 60 दिनों में करें पूरा: चंदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



### मॉड्यूलर ओटी स्थापित करने को लेकर हो रहे कार्यों की समीक्षा

सदर अस्पताल रामगढ़ में डीएमएफटी के माध्यम से मॉड्यूलर ओटी स्थापित करने को लेकर हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 60 दिनों के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध दवाइयों से संबंधित विवरणी दवा वितरण कक्ष के बाहर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 1 लाख रुपये की लागत के ऊपर के स्वास्थ्य उपकरणों के इस्तेमाल से संबंधित लॉग बुक और पंजी संधारित करने का निर्देश दिया।

**रामगढ़।** डीएमएफटी के तहत जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और चल रहे विकास कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य समृद्धि वाहन संचालित करने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में एक सप्ताह के अंदर संबंधित एजेंसी के साथ समन्वय करते हुए वाहन का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। जिला समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने को लेकर चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम स्थापित करने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिये।

**मल्टी विलेज जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा, संवेदक से स्पष्टीकरण :** डीएमएफटी के माध्यम से जल जीवन मिशन अंतर्गत निमार्णाधीन विभिन्न मल्टी विलेज जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने उरलुंग जलापूर्ति योजना के ढाई वर्षो से लंबित रहने को लेकर संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत संचालित गोट बैंक परियोजना के तहत कार्यों पर असंतोष जाहिर करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को संवेदक के साथ बैठक करने और कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर संवेदक के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग सहित अन्य कार्रवाई करने का निर्देश दिया।


**भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान**
**कटक-753006 (ओडिशा), भारत**
**ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE**
**Cuttack-753006, Odisha. India**

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No.46/PA/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "**चावल की फसल में फॉस्फोरस और अन्य सूक्ष्म पोषकतत्वों के उद्ग्रहण बढाने के लिए बायाडिग्रेडेबल नैनो फाईबर इनकैप्सुलेटेड बायोफर्टिलाइजर**" शीर्षक परियोजना में एक (01) परियोजना सहायक के चयन के लिएप्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **07.03.2024** को आयोजित किया जाएगा (ईएपी-360) । आवश्यक/ वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि तथा अन्य नियम एवं शर्तो से संबंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https//icar-nrri.in** पर उपलब्ध है ।

Walk-in-Interview will be held on **07.03.2024** for selection of **one (01) Project Assistant (PA)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Bio-degradable nano fiber encapsulated biofertilizer to enhance phosphorous and other micro nutrient uptake in rice"** (EAP-360). The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in**.

प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR

**रांची मंडल के मंडल रेलवे अस्पताल में आनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट (एचवीएस) के रूप में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति**

रोजगार सूचना संख्या 01/24 (एमईडी) एचवीएस-2024

दक्षिण पूर्व रेलवे का रांची मंडल नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए या आईआरएचएस उम्मीदवारों के उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो, अनुबंध के आधार पर पूर्णकालिक के लिए मंडल रेलवे अस्पताल/हटिया में निम्नलिखित नियम एवं शर्तो के अनुसार आनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट (एचवीएस) के रूप में रेडियोलॉजिस्ट के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

**आवेदन ग्रहण करने की अंतिम तारीख:** दिनांक 29.02.2024 को अपराह्न 6.00 बजे। **पद का नाम:** आनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट के रूप में स्पेशलिस्ट रेडियोलॉजिस्ट। **पद की संख्या:** 01 [अनारक्षित-01]। **आयु सीमा:** 29.02.2024 को न्यूनतम आयु: 30 वर्ष और अधिकतम आयु: 64 वर्ष। हालाँकि, मौजूदा नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी। **योग्यता:** (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री और पीजी डिग्री प्राप्त करने के बाद संबंधित विशेषज्ञता से जुड़े हुए पेशेवर कार्य में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। या (2) पीजी डिप्लोमा के साथ पीजी डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद संबंधित विशेषज्ञता से जुड़े हुए पेशेवर कार्य में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव । **मासिक पारिश्रमिक:** एचवीएस के रूप में स्पेशलिस्ट रेडियोलॉजिस्ट: रु. 78,000/- प्रति माह। **कार्य का समय:** सप्ताह में 06 दिन और प्रत्येक दिन 04 घंटे। **तैनाती का स्थान:** मंडल रेलवे अस्पताल, हटिया, रांची मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे। **काम का कार्यकाल:** एक वर्ष।

**आवेदन करने का तरीका:** इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन जमा कर सकते हैं और **मंडल रेल प्रबंधक (पी), रांची मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे के कार्यालय** को भेज सकते हैं।

**चयन की प्रक्रिया:** आवश्यक दस्तावेजों के साथ सभी प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद, अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अनंतिम पत्र जारी किया जाएगा। उम्मीदवार को ऊपर उल्लिखित अनुसार प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां जमा करनी होंगी।

दस्तावेज़ सत्यापन और नियुक्ति की अन्य औपचारिकताओं में फिट पाए जाने के बाद ओनरेरियम विजिटिंग स्पेशलिस्ट के रूप में रेडियोलॉजिस्ट के लिए नियुक्ति पत्र का अंतिम प्रस्ताव जारी किया जाएगा। अगर उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा नहीं करेंगे तो उनकी उम्मीदवारी सीधे तौर पर रद्द कर दी जाएगी।

**द्रष्टव्य :** (i) विस्तृत नियम एवं शर्तें और सुविधाओं के बारे में जानकारी अनुलग्नक-ए में दी गई है। (ii) प्रशासन बिना कोई कारण बताए किसी भी समय अधिसूचना/भर्ती प्रक्रिया को वापस लेने/संशोधित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (iii) किसी भी अद्यतन या परिवर्तन के लिए कृपया वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** देखते रहें (*Division>Ranchi>Department>Personnel> Notification* पर जाएं)।

(PR-1155) — मंडल रेल प्रबंधक (पी), रांची


दक्षिण पूर्व रेलवे
*मुस्कान के साथ सेवा*


## शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरैली पंचायत अंतर्गत पंडरीकला गांव के केवाल टोला स्थित भुईयां टोली के एक दर्जन घरों के लोग शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए जर्जर और जीर्ण-शीर्ण कुएं का सहारा लेना पड़ रहा है। लगभग एक दर्जन घर के लोगों के लिए एकमात्र चापाकल पहले से है। जो महीनों से खराब अवस्था में पड़ा हुआ है जिसके कारण कुएं के दूषित पानी से ही पीना, खाना, स्नान करना तथा अन्य दैनिक कार्य के लिए उपयोग करते हैं। इस टोले में सभी एक ही जाति। के भुईयां समाज के लोग निवास करते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य रीता देवी से चापाकल मरम्मती की गुहार लगायी है। पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि पीएचइडी के कनीय अभियंता राकेश पाल को चापाकल बनाने के लिए सूचना दिया गया और एस आर से नया बोर करवाने की मांग की गयी है। पीएचइडी के कनीय अभियंता ने जल्द इस समस्या के निदान का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि उरैली पंचायत में नल-जल योजना की कार्य भी बहुत धीमी गति से चल रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश है। पंचायत समिति सदस्य रीता देवी ने शुद्ध पेयजल योजना को घर-घर तक पहुंचाने के लिए नल-जल योजना को गुणवत्ता पूर्ण और जल्द पूरा करने की मांग की है।

## शिक्षकों ने अपनी मदद से विद्यालय में लगायी खिड़की



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेहल के प्रधानाध्यापक एवम सहयोगी शिक्षको के मदद से खिड़की कार्य संपन्न किया गया। कार्य संपन्न होने पर उदघाटन समारोह आयोजित की गयी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया विद्यालय में प्रयोगशाला के पास के कमरे में खिड़की नहीं थी। सुरक्षा दृष्टिकोण से सभी शिक्षकों के सहयोग से खिड़की लगाया गया। उन्होंने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार, सुचिता गाड़ी, संतोष कुमार सिंह,बालदेव बेदिया, मो.अशा दुल्लाह, गणेश तुरी, चिंता देवी, परवीन बानो, विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष गिरधारी शर्मा, वरिष्ठ नागरिक बालकेश्वर सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# पहनावे पर बंदिश क्यों

नौसेना में अफसर और नौसैनिक मेस में अब कुर्ता-पायजामा पहनेंगे। फौज में भारतीय परंपराओं को अपनाने और औपनिवेशिक दौर के अवशेषों से छुटकारा पाने के लिए यह पहल हुई है। इसमें कोई शक नहीं कि संस्कृति और इतिहास से हमारी पोशाक भी जुड़ी रही है और कपड़े-लत्ते और पहनावा पहचान का भी हिस्सा हैं। लेकिन भारत के संदर्भ में यह समझना जरूरी है कि विविधता इसका स्वभाव रहा है। बाहर से अलग धर्म, नस्ल के लोग आये और यहां के जीवन-संस्कृति और इतिहास का हिस्सा बन गये। इन लोगों ने भारतीय संस्कृति से बहुत सारी चीजों को अपनाया और उन्होंने कई चीजें यहां के कल्चर को दीं। ये चीजें आज भी भारत की बोली-भाषा, खान-पान से लेकर लिबास तक का हिस्सा हैं। अब जिस कुर्ता-पायजामा को नौसैनिकों को मेस में पहनने को कहा गया है, खुद उसका इतिहास भी इस विविधता का आइना है। दरअसल सलवार-कमीज का ही एक रूप कुर्ता-पायजामा है, जिसे मुगल पहना करते थे। वहीं शेरवानी हिंदुस्तानी कल्चर में तुर्किये और फारस के लोगों के साथ आयी। कपड़ा पहचान के साथ सामाजिक रुतबे का भी प्रतीक है। राजा-बादशाहों के दौर में शाही परिवार, दरबारियों और आम लोगों की पोशाक में फर्क हुआ करता था। औपनिवेशिक काल में ऐसे भारतीयों की कमी नहीं थी, जो अंग्रेजों की तरह कपड़े पहनते थे, उनकी भाषा में बातें करते और खुद को दूसरे भारतीयों से श्रेष्ठ समझते। यही नहीं, जब अंग्रेज अपने फायदे के लिए भारतीय कपड़ा उद्योग को तबाह करने लगे, तो महात्मा गांधी ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार का आह्वान किया। यह तब प्रतिरोध का जरिया और आजादी के आंदोलन का प्रतीक बना। ऐसा भी नहीं है कि सामाजिक हैसियत और कपड़े का यह जुड़ाव खत्म हो गया है। आज भी अमीर क्या पहनते हैं, इसे लेकर चर्चा होती है। कान फिल्म फेस्टिवल और ऑस्कर जैसे समारोहों में रेड कारपेट पर सिलेब्रिटीज से पूछा जाता है कि उन्होंने किस डिजाइनर के बनाये कपड़े पहने हैं। यह उनकी अलग पहचान गढ़ता है। गुची, अरमानी, जिमी चू, लुइ वितां जैसे ब्रांड इसीलिए फल-फूल रहे हैं, क्योंकि समाज का एक तबका कपड़े-जूतों-बैग से अपनी बेहतर सामाजिक हैसियत का एलान करना चाहता है। समाजशास्त्री एमएन श्रीनिवास के संस्कृतिकरण के सिद्धांत से मध्यवर्गीय समाज की इन ब्रांडों की ओर आकर्षण की बात समझी जा सकती है। इसी वजह से जारा और एच एंड एम जैसे ब्रांडों ने भारत में बहुत जल्द बड़ा बाजार बनाने में कामयाबी हासिल की है। ये उस नये भारत की नुमाइंदगी करते हैं, जिसकी शुरुआत 90 के दशक के आर्थिक सुधारों के साथ हुई। भारत ने तब अपने बाजार दुनिया के लिए खोल दिये। वैश्वीकरण की सीढ़ियां चढ़कर वह दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना। आज मीडिया-इंटरनेट की बदौलत लोग दुनिया के पहनावे और लेटेस्ट फैशन से वाकिफ हैं। बेशक भारतीयों को अपनी विरासत पर गर्व है, लेकिन वे पहनावे को लेकर किसी बंधन से नहीं बंधे हैं। पश्चिमी पोशाकों को लेकर उनके अंदर कोई झिझक नहीं है, न ही जींस से कोई ऐतराज। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के शोर के बीच भारतीयों ने विविधता की विरासत को जिंदा रखा है, जो आगे भी फलता-फूलता रहेगा।

**नौसेना में अफसर और नौसैनिक मेस में कुर्ता-पायजामा पहनने की पहल हुई है, जिससे भारतीय परंपराएं, औपनिवेशिक दौर के अवशेषों से छुटकारा मिलेगा। संस्कृति, इतिहास, पहनावा, विविधता, धर्म, नस्ल, शेरवानी, शाही परिवार, दरबारियों, सामाजिक हैसियत, विदेशी कपड़ा उद्योग, ब्रांड, वैश्वीकरण भी जुड़ेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जब विशेष रूप से विकसित देशों में भारत से डॉक्टर, इंजीनियर एवं प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञ भारत से बाहर जाते हैं, तो इन विशिष्ट श्रेणी में विशेषज्ञों की भारत में कमी होना स्वाभाविक है। अब तो ऐसा आभास होने लगा है कि पूरे विश्व के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ जैसे भारत तैयार कर रहा है।**

# समय की जरूरत है भारत से प्रतिभा पलायन को रोकना

प्रहलाद सिंह



**आज 1.40 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक विभिन्न देशों में रह रहे हैं, जो इन देशों की नागरिकता प्राप्त करने का इंतजार कर रहे हैं एवं इसके अतिरिक्त 1.80 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के स्थायी नागरिक बन चुके हैं।**

**अभी** हाल ही में इजराइल ने हमास के साथ छिड़े युद्ध के बाद भारत से एक लाख कामगारों को इजराइल भेजने का आग्रह किया है, क्योंकि लगभग इतनी ही संख्या में फिलिस्तीन के नागरिक इजराइल में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे थे। हालांकि इजराइल द्वारा भारत से मांगे गये एक लाख कामगारों की संख्या में इंजीनियर भी शामिल हैं। इसी प्रकार ताइवान ने भी घोषणा की थी कि उसे लगभग एक लाख भारतीय इंजीनियरों की आवश्यकता है। इसके पूर्व जापान ने भी लगभग दो वर्ष पूर्व घोषणा की थी कि वह दो लाख भारतीय इंजीनियरों की भर्ती जापान में विभिन्न कंपनियों में करेगा। एक अन्य समाचार के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सत्या नडेला एवं गूगल के मुख्य कार्यपालन अधिकार सुंदर पिचाइ भी प्रयास कर रहे हैं कि इनकी कंपनियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किस प्रकार भारतीय इंजीनियरों की भर्ती बढ़ायी जाये। अमेरिका एवं कनाडा आदि देशों में पहले से ही लगातार कुछ वर्षों से इन देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों में लाखों भारतीय इंजीनियरों की भर्ती जारी है। इस प्रकार, यह कहा जा सकता है कि भारत आज पूरे विश्व में इंजीनियरों की आपूर्ति का बहुत बड़ा केंद्र बन गया है, अर्थात एक तरह से भारत पूरे विश्व के लिए इंजीनियर तैयार कर रहा है।

**भारतीय मूल के नागरिक अपने संस्कारों के चलते इन देशों में शीघ्र ही अपना विशेष स्थान बना लेते हैं।**

दूसरे, हाल ही में एक रोचक जानकारी सामने आयी है कि रूस जैसे कुछ देशों की महिलाएं पति के रूप में भारतीय पुरुषों के प्रति आकर्षित हो रही हैं, क्योंकि, भारतीय पुरुष तलाक जैसी कुरीतियों से मीलों दूर दिखाई देते हैं। भारतीय पुरुष एक बार शादी के बाद पूरे जीवन भर अपनी पत्नी को सुखी जीवन प्रदान करते हैं। यह भारतीय सनातन संस्कृति का प्रभाव है। परंतु विश्व के कई विकसित देशों में सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो चुका है। इन देशों में तलाक की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गयी है एवं अमेरिका में तो लगभग 60 प्रतिशत बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं रहती है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच कुल मिलाकर इन देशों में बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है एवं इन देशों में बच्चे गणित एवं विज्ञान जैसे विषयों में गहरी रुचि नहीं ले पा रहे हैं। अतः इन देशों में महिलाएं बहुत अधिक परेशानी में दिखाई दे रही हैं एवं वे भारतीय पुरुषों को अपने पति के रूप में स्वीकार करने को लालायित दिखाई दे रही हैं।

आज 1.40 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक विभिन्न देशों में रह रहे हैं, जो इन देशों की नागरिकता प्राप्त करने का इंतजार कर रहे हैं एवं इसके अतिरिक्त 1.80 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के स्थायी नागरिक बन चुके हैं। अतः कुल मिलाकर 3.20 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक आज विश्व के अन्य देशों में निवास कर रहे हैं। भारतीय मूल के नागरिकों का यह वर्ग न केवल इन देशों में भारतीय सनातन संस्कृति को फैलाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है, बल्कि अपनी बचतों को भारत में भेजकर भारत में अपना पूंजी निवेश भी बढ़ा रहा हैं। पिछले वर्ष भारतीय मूल के इन नागरिकों द्वारा 10 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि भारत में भेजी गयी थी, जो पूरे विश्व में किसी भी देश में भेजी गयी राशि में सबसे अधिक है। भारतीय मूल के नागरिक अपने संस्कारों के चलते इन देशों में शीघ्र ही अपना विशेष स्थान बना लेते हैं एवं अपनी मेहनत के बल पर संपन्नता भी प्राप्त कर लेते हैं। आज भारतीय मूल के नागरिक कई देशों में राजनीतिक क्षेत्र में भी बहुत आगे आ गये हैं। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हेरिस और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित कई देशों के प्रमुख आज भारतीय मूल के नागरिक ही हैं।

जब विशेष रूप से विकसित देशों में भारत से डॉक्टर, इंजीनियर एवं प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञ भारत से बाहर जाते हैं, तो इन विशिष्ट श्रेणी में विशेषज्ञों की भारत में कमी होना स्वाभाविक है। अब तो ऐसा आभास होने लगा है कि पूरे विश्व के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ जैसे भारत तैयार कर रहा है। ये विशेषज्ञ विभिन्न देशों में जाकर इन देशों की कंपनियों को मजबूती प्रदान करते हैं एवं ये कंपनियां पूरे विश्व में अपने व्यापार को फैलाने में सफल हो रही हैं। अब समय आ गया है कि भारतीय कंपनियां भी बहुराष्ट्रीय कंपनियां बनें एवं पूरे विश्व में अपने व्यापार को फैलायें। इस दृष्टि से भारत की इन कंपनियों को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। यदि भारतीय कंपनियां विश्व के अन्य देशों में अपने पैर पसरना शुरू करें, तो हो सकता है इन क्षेत्रों में पूर्व से ही कार्य कर रही विकसित देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों से भारतीय कंपनियों को गला काट प्रतिस्पर्धा करनी पड़े, जबकि विकसित देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में भारतीय विशेषज्ञों का ही अधिक योगदान रहा है। विदेश में रह रहे भारतीय विशेषज्ञों एवं भारत में रह रहे भारतीय विशेषज्ञों की आपस में प्रतिस्पर्धा होगी। इस प्रतिस्पर्धा में संभव है कि भारतीय कंपनियां विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आगे प्रतिस्पर्धा में टिक ही न सकें।

दूसरे, बदले हुए आर्थिक परिदृश्य में आज भारत में आर्थिक विकास की रफ्तार बहुत तेज हो चुकी है, जबकि विश्व के अन्य देशों, विशेष रूप से विकसित देशों में, आर्थिक विकास की रफ्तार लगातार कम बनी हुई है। भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं अगले लगभग पांच वर्षों के दौरान भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा, ऐसी संभावना विश्व की वित्तीय एवं आर्थिक संस्थाएं व्यक्त कर रही हैं। अतः आगे आने वाले समय में भारत में भी विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की अधिक आवश्यकता महसूस होने लगेगी।

इस प्रकार, आज भारत में इस विषय पर गंभीरता से विचार किये जाने की आवश्यकता है कि भारत से ब्रेन ड्रेन को कम करने के उद्देश्य से क्या उपाय किये जाने चाहिए। यदि भारत से ब्रेन ड्रेन पर अंकुश लगाने में सफलता मिलती है, तो संभव है कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में ही अपनी विनिर्माण इकाइयां स्थापित करें, क्योंकि इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को इनके अपने देशों में भारतीय विशेषज्ञ इंजीनियरों की कमी महसूस होने लगेगी। भारत में ही विनिर्माण इकाइयों के स्थापित होने से न केवल भारत में रोजगार के अधिक अवसर निर्मित होंगे, बल्कि इन कंपनियों का विदेशी व्यापार भी भारत के माध्यम से होने लगेगा और भारत के कर संग्रहण में भी अपार वृद्धि होगी। कुल मिलाकर भारत में और अधिक खुशहाली फैलाने का रास्ता साफ होगा।

भारत से ब्रेन ड्रेन को एकदम बंद तो नहीं किया जा सकता है, परंतु कुछ क्षेत्रों, जिनमें भारत को पूर्व में ही महारत हासिल हैं एवं जिन क्षेत्रों में भारत तेजी से विश्व में अपना स्थान मजबूत कर रहा है तथा जिन क्षेत्रों में भारत को आगे आने वाले समय में विशेषज्ञों की बहुत अधिक आवश्यकता होने जा रही है, ऐसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ इंजीनियरों के ब्रेन ड्रेन को कम करने की जरूर आज आवश्यकता है। जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग जैसे नये क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभर रहे हैं। इन क्षेत्रों को भारतीय इंजीनियरों द्वारा भारत में ही अधिक विकसित अवस्था में लाया जा सकता है। इससे अन्य विकसित देशों की तुलना में इन क्षेत्रों को भारत में अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। कुल मिलाकर भारत से किन क्षेत्रों से कितने विशेषज्ञ इंजीनियरों को विदेश जाने की अनुमति दी जानी चाहिए, इस विषय पर अब गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, ताकि आगे आने वाले समय में भारत में इन पूर्व निर्धारित क्षेत्रों में विशेषज्ञ इंजीनियरों की कमी नहीं हो।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए झामुमो ने सभा कर जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुसावनी।** झारखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने वाले बीते चार साल तक झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ झामुमो का विरोध जारी है। मंगलवार को झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं ने न्याय यात्रा के माध्यम से जिले के एक एक गांव में सभा कर ग्रामीणों के बीच भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। मौके पर उन्होंने हेमंत तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं का नारा लगाते हुए जमकर नारेवाजी की। झामुमो मुसाबनी प्रखंड कमेटी के नेतृत्व में दक्षिण बादिया,पूर्वी बादिया, उत्तरी बादिया और गोहला पंचायत समेत चार पंचायतों के कुइलीसुता, काटशाकड़ा, गोहला,ज्योतिनडीह लाटिया गांव में ग्रामीणों के बीच केंद्र की भाजपा सरकार के आदिवासी विरोधी क्रियाकलापों को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर झामुमो के न्याय यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। मौके पर सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ताओ ने मोटरसाइकिल रैली निकाल कर जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा,जब जब मोदी डरता है ईडी ईडी करता है₹ का नारा लगाते हुए गांव गांव का भ्रमण किया। न्याय यात्रा के दौरान दर्जनों गांव में सभा के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व एकजुट होकर झामुमो संगठन को मजबूत करने की अपील की गई। इस अवसर पर पर्यवेक्षक व झामुमो केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत ने कहा झारखंड के लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को केंद्र के भाजपा सरकार के इशारे पर इडी द्वारा गलत तरीके से आरोप लगाकर जेल में बंद कर दिया गया। जब तक हेमंत सोरेन जेल से छूट नहीं जाते तब तक झारखंड मुक्ति मोर्चा का न्याय यात्रा जारी रहेगा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन,वरिष्ठ झामुमो नेता जयपाल माझी,महिला नेत्री श्रीमती गीता माहली,प्रखंड सचिव सोमाय सोरेन,झामुमो नेता प्रियानाथ बास्के सहित सैकड़ो झामुमो समर्थक ग्रामीण उपस्तित रहे।

# आजसू पार्टी के कार्यालय का सुदेश महतो ने किया शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही आजसू पार्टी संगठन को मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी। मंगलवार को लौहनगरी जमशेदपुर के गोलमुरी में आजसू पार्टी के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन केंद्रीय अध्यक्ष सह पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के हाथों सम्पन्न किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कार्यलय का खुलने से क्षेत्र की जनसमस्याओं का निराकरण होगा। इसके साथ संगठन विस्तार में पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा उम्मीद करते है कार्यालय खुलने से सभी कार्यकर्ता अपने कर्तव्य का निर्वाह करेंगे।

मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने ' को बधाई देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व पार्टी के संघठन को मजबूत करने पर जोर दिए। उद्घाटन समारोह में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस,कमलेश दुबे,अप्पू तिवारी, प्रकाश विश्वकर्मा,अजय सिंह बब्बू, देवाशीष चौधरी, हैरी एंथोनी, धीरज सबलोक, राजेश प्रसाद, राहुल प्रसाद, विवेक कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

# टाटा पावर सोलर प्लांट गेट पर संयुक्त ट्रेड यूनियन का विरोध प्रदर्शन, स्थानीय मजदूरों को रोजगार से जोड़ने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा पावर डोमजुड़ी सोलर प्लांट में बाहरी ठेकेदारो को हटाने की मांग को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल ने कंपनी गेट में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन के सैकड़ो सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए स्थानीय मजदूरों और ठेकेदारों को रोजगार से जोड़ने की मांग की। मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेश सामन्त ने बताया झारखंड सरकार द्वारा निर्गत की गई गाइडलाइन के अनुसार सभी कंपनियो में 75% स्थानियों को रोजगार से जोड़ना है। लेकिन कंपनी प्रबंधन बाहरी ठेकेदार के द्वारा कार्य कराने के कारण स्थानीय मजदूरों को अनदेखी की जा रही है। स्थानीय ग्रामीण रोजगार से वंचित हो रहे हैं। झारखंड में प्रबंधन की मनमानी से स्थानीय जरूरतमंद मजदूरों के साथ हो रही अन्याय किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा अगर प्रबंधन झारखंड सरकार के नियमावली को नहीं मानती है तो संयुक्त ट्रेड यूनियन कंपनी गेट पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान इंटक नेता अंबुज ठाकुर, झारखंड आंदोलनकारी वरिष्ठ नेता सपन करवा,राजेश सामन्त,चंदन पांडे, शिवलाल लोहरा, पिंकी सिंह, राजेश मुण्डा, जितेन सिंह, लक्ष्मण मुंडा, मंगल शर्मा,छोटे सरदार,मंटू कर्मकार सहित क्षेत्र के सैकड़ो स्थानीय मजदूर मौजूद रहे।

# आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति की बैठक आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड अंतर्गत हाहाप पंचायत के जामुन टोली एवं रामपुर पंचायत में मंगलवार को आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के द्वारा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड कार्यालय में जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, ऑनलाइन प्लांट चढ़वाने में परेशानी, सही समय में नरेगा योजना से चल रहे कार्य का भुगतान नहीं होना जैसी कठिनाइयों पर चर्चा की गयी। इस दौरान अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर 27 फरवरी को प्रखंड घेराव करना है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अपना बहुमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, 52 पडाह अध्यक्ष प्रदीप तिकी, हाहाप , बिमल तिकी, चामू बैक, रामकिशन लकड़ा के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

# झामुमो प्रखंड समिति ने निकाला न्याय मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा नामकुम प्रखंड समिति की ओर से हहाप पंचायत के हेसापीडी गांव में न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा सरकार के द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसी इडी के द्वारा फंसाने का आरोप लगाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष बिरीश मिंज, सचिव मो. मोजाहिद हुसैन, ऐतवा मुंडा, संजीव मुंडा, दमन मुंडा, तुलसी मुंडा, राजू मुंडा, सौमित्री देवी, मुन्नी देवी, मुन्ना पहान, रजनी देवी, हजाम मुंडा, सुकून पहान, सामुराई लोहार, लखी लोहार, जगराम पाहन के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने लगाया पीएम आवास के पैसों का गबन करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम निवासी अवधेश बैठा का पुत्र शंकर रजक का प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि को पंचायत सचिव और स्वयं सेवकों द्वारा मिली भगत कर प्रधानमंत्री आवास निर्माण का पैसा को बंदरबांट करने का आरोप नारायण लोहार, आशा देवी, रेणु देवी, सुरेश साहु, गुप्तेश्वर तुरी, प्रकाश बाखला, प्रेमदानी बाखला, सुमन देवी, गायत्री कुमारी, संतोष उरांव सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा लगाया गया है। वही ग्रामीणों का कहना है की पंचायत सचिव मेहरानी टोप्पो तथा पंचायत स्वयं सेवक विजय बैठा व मान्ती कुमारी द्वरा दूसरे घर को पूर्ण दिखा कर शंकर रजक का अर्ध निर्मित मकान को कागजी प्रक्रिया अनुसार पूर्ण दिखाते हुए राशि का बंदरबांट कर लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि शंकर रजक का प्रधानमंत्री आवास पूर्ण नही हो सका है। पंचायत सचिव और पंचायत स्वयं सेवकों द्वारा राशि का बंदरबांट कर लेने से शंकर रजक का आवास अपूर्ण है। राशि का बंदरबांट कर लेने से शंकर रजक को आवास बनाने में काफी परेशानी हो रही है। जिसे शंकर रजक व ग्रामीणों द्वारा जिप सदस्य और प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा को लिखित आवेदन देते हुए जांच कर कार्रवाई कर न्याय का गुहार लगाया है।

## जेएसएससी पेपर लीक मामला, एसआइटी की कार्रवाई

# अवर सचिव और उनके बेटों को रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेएसएससी पेपर लीक मामले में एसआइटी की टीम झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उनके दोनों बेटों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। एसआइटी की जांच में पता चला है कि पेपर लीक का कनेक्शन पटना से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा कुछ कनेक्शन चेन्नई से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने इस मामले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया था, लेकिन जांच की दिशा आगे नहीं बढ़ पा रही है। ऐसे में अब एसआइटी गिरफ्तार झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उनके दोनों बेटों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लेनेवाली है। पुलिस की टीम मोहम्मद शमीम से ही यह जानने का प्रयास करेगी कि पेपर लीक मामले के कनेक्शन कहां-कहां से जुड़े हुए हैं। मोबाइल की जांच में कई नंबर भी एसआइटी को मिले हैं।

एसआइटी अवर सचिव मो शमीम और उनके दोनों बेटों के जब्त मोबाइल की जांच कर चुकी है। मोबाइल की जांच में एसआइटी को यह जानकारी मिली कि अवर सचिव ने रांची की एक युवती समेत कई अभ्यर्थियों से संपर्क किया था। अवर सचिव की व्हाट्सएप चैट के माध्यम से युवती से बातचीत हुई थी, जिसमें यह कहा गया था कि प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए उसे पटना जाना पड़ेगा। मगर 4 फरवरी को होनेवाली परीक्षा रद्द होने की वजह से युवती पटना नहीं गयी। इसके अलावा अवर सचिव ने अपने दोनों पुत्रों से भी व्हाट्सएप चैट के माध्यम से प्रश्न पत्र से संबंधित बातचीत की थी। मोबाइल की जांच में कई नंबर भी एसआइटी को मिले हैं।

## मानदेय भुगतान को लेकर बीडीओ को सौंपा मांग पत्र



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय पंचायत के वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज से मुलाकात करते हुए निर्वाचित होने के बाद अब तक एक बार भी मानदेय भुगतान नहीं की शिकायत करते हुए प्रखंड के सभी वार्ड सदस्यों के मानदेय भुगतान कराने की मांग को लेकर मांग पत्र सोपा गया। वार्ड सदस्यों का नेतृत्व कर रेखा पाठक ने बताया की वार्ड सदस्य बनने के लगभग डेढ़ वर्ष के बाद अब तक एक माह का भी मानदेय किसी को नहीं मिला है। जबकि अन्य निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का पंचायती राज विभाग के द्वारा कई बार मानदेय भुगतान किया जा चूका है। उधर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज के द्वारा वार्ड सदस्यों के मांग पत्र को लेते हुए उनके भुगतान को लेकर वरीय अधिकारियों को अवगत कर करते हुए मानदेय भुगतान कराने का प्रयास किया जायेगा। वही वार्ड सदस्यों के द्वारा अपनी समस्या को लेकर जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर से भी उनके कार्यलय में मुलाकात करते हुए समस्या से अवगत कराया। मौके पर वार्ड सदस्य अशोक कुमार, सरिता देवी, सबिता देवी, बबीता देवी, मेरी टोप्पो, बलराम सिंह समेत अन्य वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## जेएमएम ने निकाली न्याय यात्रा



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गजनी पंचायत में जिला अध्यक्ष मो मोजम्मिल के निदेर्शानुसार जेएमएम कार्यकर्ताओ के द्वारा मंगलवार को प्रखण्ड सचिव धनपत उरांव की अगुवाई में न्याय पदयात्रा निकाला गया। न्याय पदयात्रा गजनी पंचायत भवन के सामने से सुरु होकर विभिन्न गली मुहल्लों से होकर जेएमएम जिंदाबाद, चंपाई सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा आदि नारा लगाते हुए बीजेपी सरकार के गलत रवैये को बतलाया। मौके पर कैरो जिला परिषद सदस्य सह जेएमएम नेता सुखदेव उरांव कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अपने पावर का गलत इस्तेमाल करते हुए झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन को षड्यंत्र के तहत झूठे केस मुकदमा में फंसाया गया और जेल भेजने का काम किया है जिससे झारखण्ड की जनता काफी दुखी है क्योंकि एक आदिवासी नेता को जानबूझकर प्रताड़ित किया गया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, प्रखंड सचिव धनपत उरांव, समीरुदीन अंसारी, चन्द्रदेव उरांव, रजमुदिन अंसारी आदि उपस्थित थे।

# खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है : संतोष कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** क्षेत्र के राहत नगर के मोहल्ला में रॉक क्लब क्रिकेट टूनार्मेंट द्वारा दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया. आयोजित टूनार्मेन्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी संतोष कुमार द्वारा किया गया। वरिष्ठ अतिथि के रूप में समाज सेवी आदित्य कुमार साहू और समाज सेवी फिरोज अंसारी भी उपस्थित थे। वही संतोष कुमार ने आयोजन कमिटी और खिलाड़ियों से कहा कि खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रॉक क्लब क्रिकेट टूनार्मेंट द्वारा दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। खेल से शाररिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। आज के समय मे गांव से लेकर शहर तक के बच्चे बच्चियां खेल के क्षेत्र में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहे हैं। हार जीत खेल का पहलू है। जिसे रुचि के अनुसार खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में निरन्तर अभ्यास करें तो सफलता अवश्य ही मिलेगा। वही समाज सेवी आदित्य कुमार साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का खेल प्रतिभा को निखारने के लिये क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जो आगामी दो दिनों तक चलेगा। खेल को बढ़ावा देने के लिये आने वाले समय में प्रखंड व जिला के सभी पंचायत में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की युवक युवती भी खेल में शानदार प्रदर्शन कर गांव, पंचायत, प्रखंड, जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खेल मे कामयाबी हासिल करेंगे। वही प्रतियोगिता का पहला मैच पावर गंज और राहत नगर के बीच खेल गया जिसमें पावर गंज विजेता हुई। मौके पर आयोजन कमिटी के अध्यक्ष अवेस राजा, मोहम्मद शमीम, फैजान राजा शमशाद अंसारी, सज्जाद आलम, इमरोज, गौसुल, गुलजार, इमरान उप सहित उपस्थित थे।

## अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड में अबुआ आवास योजना के लिये विशेष ग्राम सभा सूची में लाभुकों की कोटि में गड़बड़ी को लेकर डीडीसी को ज्ञापन सौंपा गया है। डीडीसी को दिये आवेदन में कुम्हरिया के ग्रामीणों ने कहा कि अबुआ आवास योजना के लाभ लेने के लिए जातिवार आराक्षण के तहत लाभुकों की सूची तैयार किया जाना था, परंतु भंडरा प्रखंड में अल्पसंख्यक लाभुकों को ओबीसी कोटे में डाल दिया गया है। जबकि इस मामले को लेकर पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को अवगत कराया गया था। इस स्थिति में ओबीसी, एसटी व एससी कोटे के लोगों को भारी नुकसान होगा। साथ ही कहा है कि इस तरह अबुआ आवास योजना की स्वीकृत सूची से गड़बड़ी को दूर करते हुए योग्य व कोटिवार सूची के तहत लाभुकों को योजना का लाभ दिलाया जाये।

# नेत्र स्क्रीनिंग और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम - डीवीसी के द्वारा आज सीएसआर पहल के तहत दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत ट्यूबेड कोयला खदान, लातेहार द्वारा नेत्र स्क्रीनिंग और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन लातेहार जिला योजना अधिकारी डीवीसी के महाप्रबंधक खनन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीवीसी के महाप्रबंधक खनन के द्वारा बताया गया कि लातेहार में डीवीसी ट्यूब्ड कोयला खदानों के परियोजना प्रभावित क्षेत्र में और उसके आसपास आंखों की बीमारियों, अपवर्तन त्रुटियों और मोतियाबिंद से पीड़ित वंचित व्यक्तियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिए समर्पित यह शिविर समुदाय की सेवा करने की हमारी प्रतिबद्धता के लिए एक वसीयतनामा के रूप में खड़ा है। इस अवसर पर नेवाड़ी और दिही पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति के सदस्यों सहित पीआरआई अधिकारी, साथ ही डीवीसी ट्यूबेड कोयला खदान लातेहार के अधिकारी, जैसे डीजीएम चिकित्सा सेवा, प्रबंधक वित्त फार्मासिस्ट शामिल थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओ ने निकाली न्याय यात्रा




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** झामुमो कार्यकर्ताओ ने सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग और केंद्र सरकार के भेदभाव नीति के विरोध में गांव गांव में पहुंचकर कार्यकर्त्ता लोगो को संदेश देने का काम कर रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को छिपादोहर के झामुमो कार्यकर्ताओ ने प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी व झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य महबूब आलम के अगुवाई में न्याय यात्रा निकाली। न्याय यात्रा मंगलवार को छिपादोहर पंचायत के दर्जनों गांव में जाकर लोगो को बताया गया कि आदिवासी, मूलवासी के हित में काम कर रहे हेमंत सोरेन को भाजपा के इशारे पर बेबुनियाद आरोप लगाकर जेल भेजा गया है। झामुमो यह अन्याय कतई बर्दाशत नहीं करेगी। एक एक गांव के एक एक लोगो को एकजुट कर केंद्र कि मोदी सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। न्याय यात्रा में प्रखंड सचिव बाबूराम सिंह, देवनाथ सिंह, उपाध्यक्ष आरती देवी, कोषाध्यक्ष प्रकाश लाल, उर्मिला देवी, अरुण सिंह थे।

# लाखों की लागत से बनी पेयजल टंकी हो रही बर्बाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** सरकारी खजाने की बबार्दी देखनी हो तो आइए बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय के समीप जंहा ग्रामीणों को पेयजल मुहैया कराने के लिए लाखो की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया। लेकिन कमीशनखोरी कहे या फिर बिडंबना जो आजतक चालू नही हुआ व लोगों की प्यास बुझाने में अक्षम साबित हो रही है।उधर इसे लेकर प्रखण्ड उपप्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है उन्होंने ने बताया कि अब कुछ ही दिनों में गर्मी का मौसम विकराल रूप लेगा।और अगर बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यायल के समीप ये हाल है तो अन्य जगह व गांवों की क्या स्तिथी होगी।ये बेहद शर्मनाक बात है लोगो की प्यास बुझाने के लिए इसका निर्माण किया गया लेकिन हाथी के दांत वाली कहावत चरितार्थ हो रहा है।साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के उपायुक्त व पंचायत समिति की होने वाली मासिक बैठक मे मामले को उठाने की बात कही।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने दुकानों का औचक निरीक्षण किया

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के चंदवा प्रखंड में ड्रग इंस्पेक्टर कैलास मुंडा के द्वारा ओम मेडिकल हॉल और मुर्ति फार्मा के अलावा अन्य कई दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इसी क्रम मे व्यापार से संबंधित क्रय विक्रय विवरण की मांग की गयी। साथ ही निर्देश दिया कि सभी दुकानदार ससमय क्रय विक्रय विवरणी का चालान की छाया प्रति लातेहार औषधीय कार्यालय में प्रस्तुत करें। उसके साथ ही सभी थोक विक्रेता एवं खुदरा केमिस्टों का दवा बिक्री करने का लाइसेंस की छाया प्रति आवश्यक रूप से रखेंगे। किसी भी परिस्थिति में झोलाछाप अथवा बिना लाइसेंस वाले को दवा नहीं देंगे। श्री मुंडा ने कहा कि स्टॉक मिलान करने पर गड़बड़ी हुई तो त्वरित कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# जरूरतमंदों की सेवा करना मेरी दिली ख्वाहिश: ऐनुल अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के सकारात्मक पहल पर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बारीडीह निवासी दिव्यांग नौशाद अंसारी को बाल विकास परियोजना विभाग से एक ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। इस बीच दिव्यांग नौशाद अंसारी ने उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के सराहनीय पहल की जमकर सराहना करते हुए कहा कि उप प्रमुख ऐनुल अंसारी प्रखंड क्षेत्र वासियों के लिए हमेशा सकारात्मक सोच रखते हैं और हर जरूरत मंदों को उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाते हैं। इधर कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने दिव्यांग नौशाद अंसारी को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के पश्चात कहा कि जनता ने जिस उम्मीद और भरोसा के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है उसपर शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास शुरू से ही रहा है। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि हर जरूरतमंदों की सेवा करना ही मेरी दिली ख्वाहिश है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने से खुद को काफी गौरवान्वित महसूस होता। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के हर तबके के लोगों को उन्हें उनका हक अधिकार दिलाना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर मौके पर बाल विकास परियोजना के किरण माला, जय माला, विजय ठाकुर, नासिर अंसारी, हासीम अंसारी, संजय कुमार तिलक, सज्जाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## तीन मासूमों की एक साथ निकली शव यात्रा

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू के जिलिंग में एक ही परिवार की तीन मासूमो की शव की यात्रा निकलने से गांव में शोक छा गया। शवयात्रा में शामिल गांव के हर व्यक्ति की आंखें नम थी। गमगीन माहौल में तीनों का अंतिम संस्कार गांव के ही श्मशान घाट पर कर दिया गया। इस दौरान लोग बच्चों के पिता अशोक महतो और दादा चननु महतो को ढांढ़स बंधा रहे थे। ज्ञात हो कि शनिवार को खरसावां के कुम्हार साइन में कुंए में डूबने से तीन सगे भाई बहनों की मौत हो गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार बायफ में काम करने वांले अशोक का आये दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। बीते शनिवार को भी पत्नी से मायके जाने की बात को लेकर विवाद हुआ। लेकिन इस बार बात पुलिस तक पहुंच गई। पत्नी पूजा ने अशोक पर मायके नहीं जाने देने और अक्सर लड़ाई झगड़ा करने का आरोप लगाते हुए 100 नंबर पर डायल कर खरसवा थाने में इसकी शिकायत दर्ज करा दी थी। जिसके बाद पुलिस ने अशोक को घर के झगड़े को तूल नही देने और मिलजुलकर रहने की हिदायत डांट फटकार कर लौटा दिया। जिससे नाराज अशोक खरसवा से अपना घर जिलिंग चला आया। घटना के बाद पत्नी पूजा अपने तीनों बच्चों नौ वर्षीय कोमल कुमारी, पांच वर्षीय अनन्या कुमारी और दो वर्षीय बेटा आर्यन महतो के साथ कुंवे में छलांग लगा दी थी। इस हादसे में तीनों मासूम तो असमय काल के गाल में समा गये, जबकि पूजा कुएं में लगी मोटर में लटककर बच गयी।

# खबर का असर : डीसी ने लिया संज्ञान, जारम गांव में लगा मेडिकल कैंप

रूपेश अग्रवाल


आजाद सिपाही

आज भी शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है पोचरा जारम के ग्राम



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** पिछले दिनों आजाद सिपाही नें पोचरा पंचायत के जारम गांव में फ्लोराइड युक्त पानी के मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिस पर लातेहार की उपायुक्त गरिमा सिंह ने संज्ञान लेते हुए लेते हुए सिविल सर्जन लातेहार को मामले की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया था। इसके उपरांत निम्न चिकित्सा पदाधिकारियों और कर्मियों को जराम ग्राम में 19 फरवरी को स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते हुए विस्तृत जांच हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त जांच का प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का भी निर्देश दिया गया था।

**आजाद सिपाही ने इस समस्या को प्रकाशित किया था :** बताते चले की सरकार जहां आम जनता को शुद्ध पानी देने को लेकर नई-नई नीति बनाकर धरातल पर उतारने को लेकर काफी प्रयास किये जा रहे है। जिसको लेकर नल जल योजना तेजी से गांव-गांव मे लगाया जा रहा है, ताकि लोगों को शुध्द पानी मिल सके। लेकिन लातेहार सदर थाना क्षेत्र के पोचरा पंचायत के जारम गांव में ततहा गर्म कुंड से निकलने वाले पानी पीने से यहां के आम जनता परेशान थे और शारीरिक हड्डी कमजोर होता जा रहा है। हालांकि इसको लेकर गाव में 2 चापानल लगाया गया था। लेकिन चापानल से निकलने वाले पानी फ्लोराईड की मात्रा ज्यादा होने के कारण जिला प्रशासन ने चापानल को शील कर दिया है। गांव में रहने वाले में लोगो मे कई लोगो की हड्डी कमजोर हो गया है। इसको लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से वहां पर मेडिकल कैंप लगाने का मांग किया था।

**118 ग्रामीणों की जांच, 60 मिले फ्लोराइड से प्रभावित :** लातेहार डीसी गरिमा सिंह के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश सिंह के द्वारा सदर प्रखंड के जारम गांव में सोमवार को मेडिकल कैंप लगावाया गया। डीपीएम वेद प्रकाश के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ मेडिकल टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की। जांच टीम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमलेश चंद्रा,डॉ अंशुमान सागर, डॉक्टर चंद्रमणि बाखला, डॉक्टर अंजली प्रिया और डॉक्टर खुशबू तिर्की के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे। इस दौरान लगभग 118 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गयी। जिनमें 60 ग्रामीण फ्लोराइड से प्रभावित पाये गये।

# फायरिंग की सूचना के बाद एसडीपीओ ने घटनास्थल का लिया जायजा

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखण्ड के चिरो ग्राम में सोमवार की रात्रि 9:30 बजे संघर्ष जान मुक्ति मोर्चा उग्रवादी संगठन के द्वारा ए वन मार्का इट भट्ठा में 25 राउंड गोली चलाकर उत्पाद मचाया घटना सोमवार की रात्रि 9:30 बजे की है। भट्ठा मालिक अमित कुमार गुप्ता को भट्टे में कार्य कर रहे मजदूरों के द्वारा सूचना दिया गया अमित कुमार गुप्ता को सूचना मिलने के बाद तुरंत चंदवा के थाना प्रभारी रणधीर कुमार को दी गयी। सूचना मिलते ही रणधीर कुमार उग्रवादियों के द्वारा उत्पाद मचाये गये इट भट्ठे पर अपने दल बल के साथ पहुंचे और छापेमारी शुरू कर दी। परंतु उग्रवादी मोटरसाइकिल का सहारा लेकर घटना को अंजाम देने आये थे। उत्पाद मचाने के बाद तुरंत ही हुए रफू चक्कर हो गए वही भट्ठे में मौजूद मजदूर ने बताया कि उग्रवादी आते ही फायरिंग शुरू कर दी और हम मजदूर को गाली गलौज देकर कुछ लोगों को मारपीट करते हुए भट्ठे से भगा दिया। वहीं मजदूर ने बताया कि उग्रवादी 5 से 6की संख्या में आए हुए थे। और केवल फायरिंग ही कर रहे थे। वही इस घटना के बाद भट्ठे में कार्य कर रहे मजदूर पूरी तरह डरे और सहमे हुए हैं। इधर घटना के बाद मंगलवार को लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया साथ ही कहा कि ऐसे लोगों से डरने की कोई बात नहीं है लोग जल्द ही सलाखें के पीछे जायेगे।

## झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़े संगठनों के कार्यक्रम में बदलाव

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल और दल से जुड़ी कई संगठनों के कार्यक्रमों में अपरिहार्य कारण से बदलाव किए गए हैं। बीते 20 फरवरी 2024 को ननबैंकिंग पीड़ित मंच द्वारा विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में फंसे लोगों के करोड़ों रुपए की भुगतान की मांग को लेकर राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत गुमला में आयोजित धरना कार्यक्रम को आगे बढ़ाकर 28 फरवरी 2024 कर दी गई है। जबकि लोहरदगा लोकसभा स्तरीय जन संसद कार्यक्रम को 20 मार्च 2024 कर दी गई है। वहीं महिला मंडल सहयोग संचालन समिति का 8 मार्च 2024 को केंद्रीय सम्मेलन रांची में होना था जिसे स्थगित करते हुए राज्य में प्रमंडल वार कार्यक्रम तय की गई है।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक गुमला में 24 को

गुमला (आजाद सिपाही)। छाती, दम्मा, सांस, टीबी, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ अनूपा बुधवार यानी 21 फरवरी को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगी। झारखंड की ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगी। इस दौरान अस्थमा, टीबी, छाती से संबंधित रोगियों की जांच व इलाज किया जायेगा।

## पंडरीपानी गांव में महिला की मौत

बोलबा (आजाद सिपाही)। बोलबा के पंडरी पानी निवासी सिसीलिया केरकेट्टा पति याकूब केरकेट्टा उम्र लगभग 55 वर्ष की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा मौत की सूचना बोलबा थाना को दिया गया। तत्पश्चात पुलिस द्वारा शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतिका के शरीर पर किसी प्रकार का चोट का निसान नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट हो पाएगा की मृत्यु कैसी हुई है।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरती जाये : मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अबुआ आवास योजना एवं ₹मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना₹ को लेकर जिले के पदाधिकारियों संग बैठक किया। बैठक में मंत्री ने अबुआ आवास योजना₹ पर चर्चा करते हुए उक्त योजना का लाभ अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को पहुंचाने का निर्देश दिया। उक्त योजना को धरातल पर उतारने में जिला प्रशासन की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उक्त योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, वर्ष 2027 तक राज्य के 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में गढ़वा जिले को जो लक्ष्य दिया गया है उसे पारदर्शी तरीके से शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कुछ लाभुकों से शिकायत भी प्राप्त हो रही है कि कुछ बिचौलियों द्वारा अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग की जा रही।

# गुमला में लगा रोजगार मेला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिला प्रशासन एवं पलाश झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी गुमला के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन नगर भवन, गुमला में किया गया` कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एवं उपविकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ,महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला अग्रणी प्रबंधक, जिला समन्वयक , लघु कुटीर उद्गमी विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते उपायुक्त ने बताया कि युवाओ को रोजगार देने की जेएसएलपीएस की यह पहल सराहनीय है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओ को अपनी पसंद के अनुसार रोजगार चयन का अवसर उपलब्ध हो पायेगा। उपायुक्त ने कहा कि जो उम्मीदवार हैं उन्हें समझना होगा कि रोजगार की कमी नहीं है किंतु कंपनियों में काम करने के योग्य उम्मीदवार मिलते नहीं। आप अपनी कौशल का विकास करें रोजगार जरूर मिलेगा। एक रोजगार प्राप्त होने पर अपनी योग्यता के आधार पर आगे बढ़ सकते हैं।

उपविकास आयुक्त के द्वारा युवाओ को संबोधित करते हुए कहा गया कि सभी युवा इस प्रकार के रोजगार मेले का लाभ उठाये और युवा अपनी क्षमता एवं इच्छा अनुसार रोजगार का चयन करे` जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र जारिका द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया।

### योग परिवार ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस

# उपलब्धियां प्राप्त करने वाले सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** योग परिवार के तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पहला दिन बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के आनंदमयी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग परिवार के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजू कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि जिला आयुष पदाधिकारी डॉ. अंजली नवाब मौजूद थे।

योग परिवार के द्वारा गुमला के वैसे लोगों को चिन्हित किया गया जिन्होंने शिक्षा तथा खेल पत्रकारिता में अपनी मेहनत के बल पर गुमला का नाम रोशन किया। शिक्षा के क्षेत्र में जिला एवं झारखंड का नाम रोशन करने वाले हर्षित कुमार अग्रवाल, रितिका जायसवाल, खुशी कुमारी, स्नेहा सोनी को सम्मानित किया गया। खेल के क्षेत्र में दीपक कुमार साहू को एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में दुर्जय पासवान को सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित व्यक्तियों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। इस अवसर पर गुमला जिला के स्वर्गीय ओम प्रकाश चौरसिया को उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धि तथा निष्पक्ष पत्रकारिता को याद करते हुए उन्हें गुमला रत्न से योग परिवार ने उन्हें सुशोभित किया।

मुख्य अतिथि डॉ राजू कश्यप ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग का अर्थ ही होता है जोड़ना योग एक प्राकृतिक दवा है जिसमें सांसों का लेना और छोड़ना की जानकारी होती है जिससे कई बीमारियों को योग के द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अंजलि नवाब योग के संबंध में विस्तार पूर्वक अपना विचार रखा और कहां की योग कीजिए और निरोग रहिये। इस अवसर पर संस्था के सचिव संजय साहू एवं कोषाध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया और विशाल कुमार बिट्टू के प्रति और उनके द्वारा दिए गए अपेक्षित सहयोग के लिए विशेष रूप से धन्यवाद प्रकट किया। अशोक जायसवाल ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हम तीसरे साल में प्रवेश करते हुए स्थापना दिवस मना रहे हैं। सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

## पुलिस ने कुआं से शव किया बरामद

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के डेवीडीह पतरा टोली के ग्रामीणों ने सोमवार को गुमला थाना को फोन कर गांव स्थित एक कुएं में शव होने की जानकारी दी। गुमला थाना के एस आई सुदामा राम दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और देखा कि गांव के एक कुएं में शव तैर रहा है लेकिन शाम हो जाने के कारण शव को बाहर नहीं निकाला जा सका। मंगलवार की सुबह गुमला थाना के एस आई मोहम्मद मुजम्मिल गांव पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। लगभग एक सप्ताह पुराना होने के कारण शव पानी में फूल गया था और शव से काफी दुर्गंध आ रही थी। गांव में स्थित कुएं का उपयोग ग्रामीण नहीं करते हैं इसलिए शव होने का पता ग्रामीणों को नहीं चला। जब काफी दुर्गंध आने लगा तब ग्रामीणों ने कुएं में तैरते शव को देखा। वही शव की पहचान दसई टोली निवासी 50 वर्षीय फगुआ उरांव के रूप में हुई।

# दिलीप को तेली उत्थान समाज ने किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जारी।** जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक को गुमला में छोटानागपुर तेली उत्थान समाज के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह तेली समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष अरुण साहू, राधामोहन साहु, मुनेश्वर साहू, हीरा साहू ने तेली महाजतरा मे शॉल, मेमोन्टो तथा प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित। साथ ही कहा कि दिलीप बड़ाईक आदिवासी समाज एवं अन्य समाज के लिए के लोगों को आर्थिक तथा समाजिक सहयोग कर प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं ऐसे समाजसेवियों को समय समय पर सम्मानित करते रहना चाहिए ताकि उनका मनोबल बढ़ते जाए साथ ही कहा कि आप निःसंकोच भाव से लोगो का सेवा करते रहे निश्चित रुप फल मिलेगा।आप अपने क्षेत्र मे लोगों का मदद के साथ साथ बाहर के लोगो को भी मदद कर रहे हैं वहीं मौके पर उपस्थित जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक ने तेली समाज के ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि तेली समाज के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह प्रेरणा स्त्रोत है तेली समाज के द्वारा गरीब एवं असहाय लोग जो अपने खर्च से शादी नही कर पाते हैं वैसे जोड़ियों का शादी हो रहा है।इस तरह के कार्यक्रम से शादी गरीबी होने मे आड़ नही आएगी।इस तरह के कार्यक्रम से दूसरे समाज के लोग भी सीख ले और गरीबों का मदद करने मे अपना हाथ आगे बढ़ाएँ तो निश्चित रूप से लोगो को गरीब होने का एहसास नही होगा।

# बाइक हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के सलाम नवा टोली मोड़ के समीप दो मोटरसाइकिल के आपस के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार जोरी गांव निवासी नीरू उरांव 48 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे मोटरसाइकिल में सवार घाघरा थाना क्षेत्र के हेठ आदर निवासी प्रकाश उरांव 28 वर्ष का दाहिना पैर टूट गया वहीं देशराज उरांव 20 वर्ष के सर पर गंभीर चोट लगी। इधर घटना की सूचना उप प्रमुख चंदन सिंह को जैसे ही मिली उन्होंने बिशुनपुर थाना एवं एंबुलेंस को लाइनअप करते हुए घटनास्थल पहुंचे इसके उपरांत बिशुनपुर थाना के वीरू देव कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर भेजा जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। वहीं नीरू उरांव को मृत घोषित कर दिया। रात होने के कारण मृतक का बॉडी पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा जा सका था बुधवार सुबह भेजा जाएगा।

# हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में न्याय मार्च

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जलडेगा।** झारखंड के लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा षडयंत्र पूर्वक कार्रवाई के विरोध में झामुमो सिमडेगा ने झामुमो केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार 20 फरवरी 2024 को जलड़ेगा प्रखंड के कोनमेरला पंचायत, टिनगीना पंचायत और लॉम्बोई पंचायत में पदयात्रा कर न्याय मार्च निकाला।

मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा की झारखंड राज्य एवं देश की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य बहुत ही गंभीर है उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के लोकप्रिय माननीय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की सरकार द्वारा झारखंड प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री को केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए बेवजह प्रताड़ित कर रही है।मुख्य वजह भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के सामने पूर्व मुख्यमंत्री का न झुकना, उसका विरोध करना एवं प्रदेश के चहुंमुखी विकास के एजेंडा को लागू करने का ईमानदार प्रयास भारतीय जनता पार्टी को नहीं पच रहा है।

जीप सदस्य संता रोसालिया कंडुलना ने कहा देश के अन्य प्रदेशों में भी जहां भारतीय जनता पार्टी या भाजपा समर्थित पाटीयों सरकारी नहीं है वहां विधायकों की खरीद-फरोख्त ईडी,इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आदि केंद्रीय एजेंटीयों का दुरुपयोग आदि तमाम हथकंडे अपना कर डरा धमका कर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने एवं गिरने का प्रपंच कर रही है।

# महिला की हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में मंगलवार को डायन बिसाही के आरोप कलिगा महुआटोली निवासी में वृद्ध महिला मखदली खड़ियाइन का हत्या करने वाला अभियुक्त गांव के ही फागु इंदवार को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाया गया। इसके अलावा आरोपी को 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। घटना 23 सितंबर 2018 का है। इस संबंध में मृतका की बहु बिरस केरकेट्टा ने आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था. जिसमें कहा गया है कि घटना के दिन घर में मेरी सासा सो रही थी उसी दौरान आरोपी कुल्हाड़ी लेकर आया और कुल्हाड़ी के पीछे वाला हिस्सा से मेरी सास के उपर वार करने लगा और डायन बिसाही का आरोप लगाने लगा। इधर मेरे द्वारा बीच बचाव करने पर मुझे गाली गलौज करने लगा और घटना स्थल से फरार हो गया।

## गढ़वा की खबरें

# लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है केंद्र सरकार : मिथिलेश

### हेमंत के खिलाफ षड्यंत्र पूर्ण कार्रवाई के विरुद्ध झामुमो ने शुरू किया न्याय मार्च

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** हेमंत सोरेन के विरुद्ध केंद्र सरकार द्वारा षड्यंत्र पूर्ण कार्रवाई के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने न्याय मार्च की शुरूआत की है। मंगलवार को गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह पंचायत से न्याय मार्च की शुरूआत की गयी। इस न्याय मार्च में झामुमो ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाला। जिले के सभी पंचायतों में न्याय मार्च का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने इमाम मौलाना खुर्शीद और मंदिर के पुजारी हर्ष चौबे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता सह उत्पाद और मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि केंद्र में जब से भाजपा की सरकार बनी है, लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने जनहित का कोई कार्य नहीं किया। बल्कि सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर पूरे देश में लोगों को बांट कर रख दिया है। साथ ही केंद्र सरकार ने एक और काम किया है कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार नहीं बनी, जिस राज्य की जनता ने भाजपा को ठुकरा दिया। वहां केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर सरकार को प्रताड़ित करने और विकास कार्य को करने का काम किया है। उन्होंने पद और प्रोटोकॉल की परवाह किए बगैर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के पास जाकर राज्य के 8 लाख गरीबों को आवास का पैसा देने की गुहार लगायी। फिर भी केंद्र ने एक पैसा नहीं दिया। तब राज्य सरकार ने अपने पैसे से राज्य के 20 लाख गरीबों को आवास देने का ऐलान किया और आज कार्य प्रगति पर है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, वीरेंद्र यादव, सुमेर चौधरी, मदनी खान आदि ने विचार व्यक्त किया।

# संघर्ष की बदौलत ही सफलता मिलती है : सांसद

### प्रधानमंत्री ने किया बहुद्देशीय भवन का शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सांसद बीडी राम, अलखनाथ पांडे और अन्य।

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़वा के अन्नराज नावाडीह स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले बहुद्देशीय भवन का ऑन लाइन शिलान्यास जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम से किया। नवोदय विद्यालय में शिलान्यास सह भूमि पूजन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण पृष्टभूमि के मेधावी छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने के उद्देश्य से नवोदय विद्यालय की स्थापना की गयी है। जिसमें गढ़वा नवोदय विद्यालय ने अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। आज प्रधानमंत्री तेरह हजार करोड़ की लागत वाले विभिन्न परियोजनाओं को देश को समर्पित कर रहे हैं। इस पुनीत कार्य मे उनके प्रतिनिधि के रूप में शामिल होकर कृतज्ञ महसूस कर रहा हूं। उन्होंने छात्र - छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि विद्यार्थी छात्र जीवन में खूब मेहनत करें। मेहनत करने से आप कभी भागे नहीं। मेहनत और संघर्ष के बदौलत ही सफलता मिलती है और यह काम बच्चें अपने रूम के अपेक्षा स्टडी रूप का अधिक से अधिक उपयोग कर हासिल कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि नयी शिक्षा नीति लागू हो जाने से बहुदेशीय भवन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। उन्होंने छात्रों से फिजिकल फिटनेस पर भी ध्यान देने की बात कही। आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए एक जुट होकर कार्य करने पर बल दिया। मौके पर विज्ञान प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमे स्कूल के छात्रों ने नागपुरी, बांग्ला गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर भाजपा नेता राजीव रंजन तिवारी, प्रवीण जयसवाल, प्रमोद चौबे, धनंजय तिवारी, चंदन, कमलेश नंदन सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# अनियमितता बरतने वाली एजेंसियों पर हो एफआइआर : करुणा सोनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रमना।** रमना प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन पंचायत समिति सदस्यों का बैठक आयोजन प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रखंड कार्यालय के परिसर में आनंद इंटरप्राइजेज के द्वारा घटिया जलमिनार लगाये जाने के बाद रातों रात जलमीनार को निकाल कर ले जाने पर आनंद इंटरप्राइजेज पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्णय बैठक में लिया गया। वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा सहित बाल विकास योजनाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि प्रखंड में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। वहीं विद्यालयों में छात्राओं को किसी तरह की परेशानी ना हो, जिसे लेकर बेंच डेक्स का समुचित व्यवस्था करने का आवश्यक निर्देश जारी किया गया है। प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में सही समय पर बच्चों को पोषाहार उपलब्ध कराने, चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ हो, जिसे लेकर सभी सीएचओं को अपने कार्यों में नियमित रूप से उपलब्ध रहने का बात कही गयी। मौके पर बीडीओ संजय कुमार, सीओ वासुदेव राय, थाना प्रभारी जनार्दन राउत, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, उप प्रमुख खदीजा बीवी सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार सहित सभी प्रखंड कर्मी के साथ पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

# बंशीधर नगर में झामुमो ने न्याय मार्च निकाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** झामुमो नेता हेमंत सोरेन को जेल भेजने के खिलाफ बंशीधर नगर में झामुमो ने न्याय मार्च निकाला। न्याय मार्च के अवसर पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने उपवास रखकर न्याय मार्च की शुरूआत की। उक्त अवसर पर झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता, दलितो, वंचितो, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों की आवाज झारखंड के लाल, झारखंड को विकास की राह पर दौड़ाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश की तहत झूठे आरोप में जेल में डालना लोकतंत्र की हत्या है। हम भारत के न्यायपालिका पर विश्वास करते हुए जल्द से जल्द हेमंत सोरेन को जेल से रिहाई की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जब से मुख्यमंत्री बने हैं झारखंड में विकास तेजी से हुआ है। जिसे देखकर केंद्र की भाजपा सरकार डर गयी और झूठे आरोप में सीबीआई और ईडी का उपयोग कर हेमंत सोरेन को फंसा कर जेल डाल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा लाख कोशिश कर ले लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक-एक सिपाही डरने वाला नहीं है, बल्कि डटकर मुकाबला करने वाला है। उन्होंने कहा कि जनता इसका जवाब आगामी चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी पार्टियों को जरूर देगी और उन्हें मुंह की खानी पड़ेगी। मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा एक निडर व्यक्ति जब भाजपा के आगे नहीं झुका तो उसे ईडी, सीबीआई का उपयोग कर झूठे मुकदमे में फसा कर गरीबों, पिछडो, आदिवासियों, वंचितों, शोषितों, अल्पसंख्यको की आवाज को दबाने की कोशिश किया गया है जिससे झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता कभी सफल नहीं होने देगा।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने दी झारखंड को सौगात

# गढ़वा, हुसैनाबाद और हिरणपुर को मिला जवाहर नवोदय विद्यालय

धनंजय कुमार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के लंगरकोट गांव के समीप मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय जपला-2 के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ पलामू उपायुक्त शशि रंजन, डीइओ मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बिद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह आदि ने फीता काटकर व दीपप्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्राओ के द्वारा स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया।

ऑनलाइन संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जवाहर नवोदय बिद्यालय ग्रामीण परिवेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि देश मे शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। मौके पर पलामू उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि नवोदय विद्यालय सामाजिक मूल्य, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सामुहिक गतिविधियां और शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बिद्यालय से पढ़कर निकले छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा के दम पर प्रशासनिक सेवा मेडिकल और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे है। मौके पर हुसैनाबाद के प्रभारी एसडीएम हीरालाल,उप प्रमुख अंजू देवी, लीलाद्री सरकार, रामेश्वर पाठक, शिवकुमार, नितिन पांडेय, शालिनी तिग्गा, अभिषेक सिंह, रामकेश मीना, रामेश्वर राम,अजय गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

**विधायक ने पीएम का जताया आभार :** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पीएम द्वारा स्थानीय नवोदय विद्यालय भवन का वर्चुअल उद्घाटन करने पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद को एक आधुनिक शिक्षा के लिए बेहतर विद्यालय मिलना खुशी और गर्व की बात है। साथ ही इस विद्यालय का उद्घाटन जन-जन के नेता पीएम मोदी जी के कर कमलों से होना और भी गर्व की बात है।

## पीएम मोदी ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन

कार्तिक कुमार



**पाकुड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत बागशिशा में करोड़ों की लागत से निर्मित जवाहर नवोदय विद्यालय पार्ट टू के स्थायी परिसर का विधिवत ऑनलाइन लोकार्पण किया। पूर्व निर्धारित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी, अनंत ओझा राजमहल उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने जम्मू काश्मीर से इस योजना का लोकार्पण किया। कार्यक्रम स्थल पर जवाहर नवोदय विद्यालय गोड्डा के डॉ विपिन कुमार, प्राचार्य अवधेश कुमार, विनय कुमार, डॉ पीके श्रीवास्तव ने नवोदय विद्यालय के संबंध में उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी दी। वहीं दोनों विधायक को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। वहीं जिप उपाध्यक्ष अशोक भगत, पूर्व जिप अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू, भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय, दानियल किस्कू, दुर्गा मरांडी, बीडीओ दिलीप टुडू, सीओ मनोज कुमार आदि को भी सम्मानित किया गया। वहीं लिट्टीपाड़ा विधायक ने कहा कि क्षेत्र के बच्चे इस विद्यालय से काफी लाभ हासिल करेंगे। विद्यालय की नींव रखने में झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा अहम भूमिका निभायी गयी थी।

# सड़क, पुलिया, अप्रोच रोड, सरना चहारदीवारी निर्माण के साथ कई योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी (पलामू )।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने मंगलवार को मनातू प्रखंड के पदमा से चक वाया मनातू में मिसिंग रोड के साथ पुलिया निर्माण और मनातू में पकरिया मोड़ से झोकी नाला तेलियादोहर तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावे मनातू के सुरगुजा सेमराहा में सरना चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया।

शिलान्यास के दौरान लोगों ने गर्मजोशी के साथ विधायक को स्वागत किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा पूर्व के जनप्रतिनिधि ने ठेकेदारी करने के लालच में चक कलोली नदी पर गलत तरीके से पुल का निर्माण किया हैं, जो जानलेवा साबित हो रही है। अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। पदमा - मनातू वाया चक सड़क निर्माण में पैसा निकासी के बाद भी जानबूझकर अप्रोच रोड और कई पुलिया का निर्माण कार्य नहीं किया गया। कहा कि पूर्व ठिकेदार ने इस क्षेत्र में विकास से दूर रखा। पूर्व के जनप्रतिनिधि ठेकेदार हैं या जनप्रतिनिधि। यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। एक समय था पांकी विस क्षेत्र मे प्राक्कलन घोटाला कर उंचे दर पर ठेकेदारी की जाती थी। लुटेरों का कारोबार अब बंद हो गया है। विकास के नाम पर पूर्व के ठिकेदार ने लूटने का काम किया। पांकी - मेदिनीनगर पथ की गुणवत्ता सबके सामने है। ये ठेकेदार ईमानदारी से काम नहीं करते। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पूर्व विधायक मनातू का कई स्वीकृत योजना को मंत्री से पैरवी कर योजना रद्द कराने का काम किया है। पूर्व विधायक विकास विरोधी है। उन्हें क्षेत्र की समस्या से कोई मतलब नहीं है। सिर्फ उन्हें ठेकेदारी के नाम कर लूटना है । कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में जो भी ठेकेदार हैं उन्हें गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य करना होगा। निर्माण कार्य में किसी भी कीमत में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि बाप - बेटा मिलकर पांकी विधानसभा को लूटने का काम किया है। मौके मनातू प्रमुख गीता देवी, चक मुखिया नेशाद अहमद, लेस्लीगंज प्रमुख सुनील पासवान, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, लाला प्रसाद यादव, उदेश यादव, मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सतेंद्र यादव, कमेश यादव, कार्तिक सिंह, पिंटू यादव, महेंद्र उरांव, विनोद प्रजापति, संतोष यादव आदि लोग मौजूद थे।

# पढ़ाई के साथ खेल बेहद जरूरी : विकास दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड (पलामू)।** प्रखंड के मुरमा कला में स्टार क्लब टूनार्मेंट के तत्वाधान में खेले जा रहे क्रिक्रेट टूनार्मेंट का समापन मैच मंगलवार को खेला गया। फाइनल मैच मलवरीया व चनोखर टीम के बीच खेला गया। मलवरीया टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने उतरी चनोखर की टीम ने निर्धारित सोलह ओवर के मैच मे 12 ओवर ही खेल पायी। जिसमे चनोखर के टीम 146रन बनाया। जबाबी पारी खेलने उतरी मलवरीया की टीम ने निर्धारित16 ओवर के मैच में मलवरीया ने 10 ओवर में ही 147 रन बना कर मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि झारखंड विकास मोर्चा के अध्यक्ष सह विधानसभा के सुप्रसिद्ध समाजसेवी विकास दुबे ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य अतिथि श्री दुबे ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बेहद जरूरी है। खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने कमिटी को टूनार्मेंट का शांतिपूर्ण सफल आयोजन की सराहना किया वही विजेता व उपविजेता टीम के बीच ट्राफी का वितरण किया। मौके पर अरुण कुमार वर्मा, भीम आर्मी उपाध्यक्ष साकेत कुमार पासवान, भूतपूर्व डीएसपी नरेंद्र सिंह, जयप्रकाश ठाकुर, पवन पासवान, सुरेश पासवान, छोटु दूबे, प्रणब राम, मनोज कुमार चंद्रवंशी सहित सभी कमेटी सदस्य उपस्थित थे।

# पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया खुलासा, 5 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** चोरी की आठ बाइक के साथ चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में हुसैनाबाद पुलिस को सबसे बड़ी सफलता मिली है। उनके पास से पुलिस ने चोरी की आठ बाइक बरामद की है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना परिसर में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 18 फरवरी को बिहार के बरूण थाना क्षेत्र के निवासी गोविंद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर बाइक बीआर 26 आर 8811 के चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अनुसंधान के क्रम में हुसैनाबाद के नहर मोड़ निवासी रोहित कुमार उर्फ लड्डू को बीआर 26 आर 8811 चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार रोहित ने अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में बताया। उसने बताया कि सभी मिलकर बाइक चोरी कर बेचने का कार्य करते हैं। जिन अन्य युवकों को गिरफ्तार किया गया है, उसमें रोहित कुमार उर्फ लड्डू, रामजी दास उर्फ गोलू, अमन कुमार उर्फ बटेर मकबरा रोड, हुसैनाबाद, आदित्य वर्धन सिंह उर्फ सुडू ग्राम टेंटा, हुसैनाबाद व पवन कुमार ग्राम कुकही थाना हैदरनगर आदि का नाम शामिल है। एसडीपीओ मुकेश महतो ने बताया कि सभी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बाइक चोरी व बिक्री करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि हुसैनाबाद के हरिहर चौक, स्टेशन रोड के अलावा आस पास के थाना क्षेत्रों के साथ बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नबीनगर थाना क्षेत्र में भी बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते थे। छापामारी दल में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, बीर बहादुर सिंह, बीरेंद्र खाका, राजमोहन राम व आरक्षी अमित कुमार तिवारी आदि शामिल थे।

# रैयतों को मुआवजा नहीं मिला तो आंदोलन किया जायेगा : आशीष



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग उदयपुर से भोगु लहलहे तक बन रहे फोरलेन में किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड अंतर्गत सैकड़ो एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया है ,लेकिन उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है इससे किसान रैयत बहुत ही परेशान है। ब्लॉक का चक्कर लगा रहे हैं ,बैठक हो रही है लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है ।इस विषय को लेकर मैं देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को भी पत्र लिखा हूं साथ ही साथ सड़क परिवहन राज मंत्री नितिन गडकरी को , सरकार प्रशासन से आग्रह है कि किसानों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। सरकार उचित मुआवजा पर ध्यान नहीं देती है तो रैयतों के साथ पदयात्रा कर पलामू उपायुक्त को मांग पत्र सौंपेंगे। इस विषय में सोमवार को चेतमा जतरा टांड़ रैयत की बैठक की गई थी ।हम सभी पलामू उपयुक्त के माध्यम से सरकार का ध्यान खींचने के लिए सतबरवा ब्लॉक से डीसी पलामू को पद यात्रा कर मांग पत्र सौंपेंगे । अगर इस पर भी ध्यान नहीं दिया जाता है तो हम सभी जन आंदोलन करेंगे ।

# संत मरियम स्कूल के कराटेकार नेपाल कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने जायेंगे काठमांडू




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के पांच चयनित कराटेकार 22 और 23 फरवरी को काठमांडू नेपाल में आयोजित इन्डो- नेपाल कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वालों में आनंद कुमार,शिवदयाल सिंह,अयाना सिद्दीकी, उज्जवल राज और आदित्य उरांव शामिल है। इसके अलावा पलामू मिक्सड मार्शल- आर्टस टाइगर्स अकादमी के रविनयन कुमार का भी नाम चयनित हैं। यह चैंपियनशिप नेपाल शोतोकान कराटे-डू एशोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट्स हॉल में किया जा रहा है ।

इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने नेपाल में आयोजित चैंपियनशिप मुकाबले में चयनित कराटेकार को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के कड़ी मेहनत का परिणाम है कि सभी बच्चे फाइट के लिए नेपाल जा रहे हैं । सभी कराटेकार को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। सभी अपने अथक प्रयास से अपने माता-पिता गुरु जन के साथ-साथ अपने समाज और देश का नाम रौशन करें ।ज्ञात हो कि यह कराटे टीम प्रसिद्ध सिंहान,संतोष कुमार के नेतृत्व में 20 फरवरी को नेपाल के लिए रवाना होगी। यह जानकारी मुख्य मार्शल आर्ट प्रशिक्षण सिंहान संतोष कुमार ने दी।

## स्पोर्ट्स



रांची में भारतीय बल्लेबाज बना सकते हैं फिर से कई कीर्तिमान

# रांची में भी अंग्रेजों की खैर नहीं, दे दनादन बनेंगे रन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में अब चौथे मुकाबले की बारी है। सीरीज का तीसरा मैच आज यानी 19 फरवरी को खत्म होना था, लेकिन भारत ने 4 ही दिन में इंग्लैंड को 434 रनों से हराकर रिकॉर्ड बना दिया। अब रांची में 23 फरवरी को सीरीज का चौथा मैच रांची में खेला जाएगा। रांची में अब तक जो टेस्ट मैच खेले गए हैं, उसके रिकॉर्ड को देखें तो पता चलता है कि यहां रनों का अंबार खड़ा होता है। यानी अंग्रेज टीम को यहां भी राह?त मिलने की उम्मीद नजर नहीं आती है।

**रांची में अब तक खेले गए हैं 2 टेस्ट मुकाबले :** रांची के जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम पर अब तक केवल 2 ही टेस्ट खेले गए हैं। जिसमें से एक मैच भारत ने जीता है और दूसरा मैच बराबरी पर यानी ड्रॉ पर छूटा है। हालांकि इंग्लैंड की टीम पहली बार रांची के इस स्टेडियम पर खेलने के लिए उतरेगी। रांची में पहला टेस्ट मैच साल 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। इसमें इतने रन बन गए कि मैच ड्रॉ पर समाप्त हो गया। ये वही मैच है, जिसमें भारत ने 600 से ज्यादा रन बनाकर पारी को घोषित कर दिया था। इसमें भारत की ओर से चेतेश्वर पुजारा ने शानदार दोहरा शतक जमाया था, वहीं रिद्धिमान साहा ने शतकीय पारी खेली थी।

**रांची में भारतीय बल्लेबाज बना सकते हैं फिर से कई कीर्तिमान :** इस तरह से देखें तो भारत की ओर से दोनों टेस्ट मैचों में कम से कम एक डबल सेंचुरी औ एक सेंचुरी आई है। इससे समझा जा सकता है कि यहां खूब रन बनाते हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अभी पिछले ही मैच में दोहरा शतक लगाकर आए हैं, वहीं रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाया है। यानी भारतीय टीम के बल्लेबाज शानदार फार्म हैं और यहां अगर पिच अच्छी मिल गई तो फिर से बड़ा स्कोर टांगने में भारतीय बल्लेबाज कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। ऐसे में अंग्रेज गेंदबाज उनका सामना कैसे करेंगे, ये देखना काफी दिलचस्प हो सकता है। अभी फिलहाल इंतजार कीजिए चौथे टेस्ट का, जिसमें एक बार? फिर से कई बड़े बड़े कीर्तिमान बन सकते हैं।

# झामुमो ने पंचायत प्रभारी मनोनीत किये

आजाद सिपाही संवाददाता




**रंका।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को झामुमो का पंचायत स्तरीय न्याय यात्रा को सफल बनाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को फ्लोर टेस्ट के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष श्री हेमंत सोरेन के अभिभाषण को दिखाया गया। हेमंत सोरेन के द्वारा विधानसभा में कहा गया एक एक शब्द झारखंडियों के अस्मिता की लड़ाई से जुड़ी हुई है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि आज सरकार को अस्थिर करने की भाजपा और राज्यपाल के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के द्वारा परेशान किया गया इससे साबित होता है कि आम नागरिकों द्वारा चुने गए सरकार को गिराना चाहती थी। परंतु झारखण्ड के लोगों ने एकजुटता का मिशाल पेश कर भाजपा एवं उनके एजेंसियों को मुहतोड़ जवाब बहुमत साबित कर के दिया। उन्होंने कहा कि हम अपने केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा के इसारे पर बंद जेल के सलाखों से बाहर कराने के लिए गाँव और पंचायत में उपवास रखकर न्याय यात्रा आयोजित कर जनता को हकीकत से अवगत करायेंगे। साथ ही सभी धार्मिक स्थलों पर पूजा अर्चना कर उनकी सलामती का दुआ मांगेंगे। यह न्याय यात्रा रंका प्रखंड के सभी पंचायतों में किया जाएगा। इसके लिए सभी पंचायतों में प्रभारी मनोनीत किया गया है। जिसमें अनिल चंद्रवंशी को रंका, आशीष गुप्ता को खरडिहा, पप्पू यादव को कंचनपुर, जैनुल्लाह अंसारी को सिरोईखुर्द, देवेंद्र तिवारी को कटरा, अहमद अली अंसारी को चुतरू, रतन सिंह को दूधवल, विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह को चुटिया, दीपक सोनी को विश्रामपुर, प्रकाश चंद्र (रौशन) पाठक को तमगेकला, कार्तिक पांडेय को सोनदाग, इरफान अंसारी को बाहाहारा, संजय सिंह छोटू को मानपुर, मुमताज अली रंगसाज को खपरो पंचायत का प्रभारी बनाया गया है।

# उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई
# डेढ़ लाख की नकली विदेशी शराब जब्त

**आगामी होली में खपाने की थी योजना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** उत्पाद विभाग धनबाद की टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर मंगलवार को महुदा थाना क्षेत्र के महुदा मोड़ अंतर्गत शिव मंदिर के समीप स्थित एक मकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद किया हैं। विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस मकान से शराब की बरामद हुई हैं, वह छोटू महतो नामक व्यक्ति का हैं, बरामद शराब को छोटू आगामी होली के त्योहार में खपाने की योजना बनाया था। जिसे टीम ने अपनी सक्रियता से विफल करने में सफलता हासिल की। बताया जाता हैं कि टीम ने छापेमारी में कुल 198 लीटर की विभिन्न विदेशी ब्रांड के करीब 22 पेटी शराब जब्त किया है। जिसका बाजार मूल्य लगभग डेढ़ लाख बताया जाता है।

इस संबंध में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि गुप्त सुचना मिली थी की महुदा थाना क्षेत्र के महुदा मोड़ स्थित एक होटलनुमा मकान में भारी मात्रा में अवैध नकली शराब की पेटीयाँ रखी हैं, जिसे आगामी होली के समय में भारी कीमत पर बेचा जायेगा। टीम छापेमारी के लीये जैसे ही पहुंची तो उक्त मकान में रखी विभिन्न विदेशी ब्रांड के करीब 22 पेटी शराब पाया। जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख की अनुमान हैं। वहीं छापेमारी की भनक लगते ही इसके मालिक छोटू महतो सहित इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोग मौके से फरार हो गया। उन्होंने आगे बताया हैं कि कारोबारियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उत्पाद विभाग धनबाद लगातार नकली अवैध शराब बनाने वाले कारोबारियों पर नजर रख रही हैं।

# टुंडी वन विभाग ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**टुंडी।** वन प्रक्षेत्र कार्यालय प्रागंण में आज मंगलवार को वन विभाग सह ईको विकास समितियों के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों को जंगल के बचाव एवं आए दिन वनों के आस पास निवास करने वालों को जंगली जानवरों से बचाव के लिए कई तरह के उपाय बताए गए। प्राप्त समाचार के अनुसार ए सी एफ सह टुंडी के रेंजर ए के मंजूल ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जंगलों एवं हाथियों से बचाव के कई तोर तरीके बताएं। तत्पश्चात कनार्टक से आये प्रशिक्षक डॉ रूद्रादित्य ने जंगलों एवं हाथियों से बचाव के कई उपाय सुझाए एवं ऑन द स्पॉट प्रयोग करके भी दिखाएं। आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में टुंडी के विभिन्न क्षेत्रों से आये बड़ी संख्या में लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और गांवों में भी इसे प्रचार प्रसार कर लोगों को आत्मरक्षा के लिए इस तरह का उपाय तत्काल ग्रामीणों से करने की बात कही। मौके पर ए सी एफ ए के मंजूल, प्रभारी वनपाल पूर्णचंद्र महतो, वनरक्षी संतोष दत्ता, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति देखीं गयी।

# रैयत संघर्ष समिति का अध्यक्ष देवेन मंडल को चुना गया



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** विधानसभा अंतर्गत टासरा में रैयत संघर्ष समिति कि बैठक का आयोजित किया गया। बैठक कर समिति के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित कई सदस्यों का चयन किया गया और विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। रैयत संघर्ष समिति का अध्यक्ष सर्वसम्मति से देवेंन मंडल को चुना गया एवं उपाध्यक्ष गर्जन सिंह, मिहीर मंडल, मदन सिंह तथा सचिव पूरन सिंह, गोवर्धन मंडल, सहसचिव गोपाल मुखर्जी, कोषाध्यक्ष परमेश्वर मंडल कालीपद मंडल, संगठन सचिव गोपाल महतो, चमन लाल सिंह, दशरथ ठाकुर एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अशोक चंद्र, टिंकू मंडल, राकेश सिंह,अनूप मुखर्जी, दीपू हीरो, दिलीप महतो, अवधेश महतो, निर्मल कुमार राय, सुरेश प्रसाद चौधरी, समीर मंडल, साधु मंगल, संतोष मंडल, दिलीप कुमार, गौतम चक्रवर्ती, विकास मंडल, महेश मोदी, प्रभास अग्रवाल, अशोक सिंह, सदैव मंगल, विनोद सिंह, बीरू मंडल, आदि लोग शामिल हुए।


## कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा।

### निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 45/जि0प0 दिनांक 15.02.2024 एवं PR No. 319319 तिथि 17.02.2024 के द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12/2023–24 में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.02.2024 | 28.02.2024 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 19.02.2024 से 28.02.2024, अपराह्न 05:00 बजे तक | 26.02.2024 से 06.03.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 02.03.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे | 09.03.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 319676 (Panchayati Raj) 23-24 (D)


# शक्ति चौक में मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा का कार्यकाल चार वर्ष पूरा होने और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने पर जिला ग्रामीण भाजपा कार्यकताओं ने मंगलवार को तेतुलमारी के शक्ति चौक में मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया , कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लखी रजवार तथा संचालन प्रदीप वर्मा ने किया,कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे जिला ग्रामीण अध्यक्ष ग्यान रंजन सिन्हा को कार्यकतार्यों ने फूलो का गुलदस्ता देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा और टुंडी विधानसभा इस बार भाजपा के खाते में जाएगी । लगभग 25 वर्ष पूर्व सत्यनारायण दुधानी के बाद से अभी तक टुंडी में कमल नही खिला है इस बार निश्चित तौर पर हमलोग कमल खिलाने के काम करेंगे। मौके पर सुरेश महतो, रमेश महतो गीता बेसरा रंजीत सिंह संजीत सिंह प्रदीप वर्मा,संजय वर्मा,बसंत वर्मा, सुरेश किस्कू, अरुण हेंब्रम, प्रेम सोरेन, शंकर मल्लाह संजय मल्लाह उमेश सिंह आर के चौधरी, गीता देवी आदि लोग मौजूद थे।

# बोकारो स्टील सिटी के खाली फील्ड और मैदान की बुकिंग अब ऑनलाइन होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के नगर प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न कार्क्रमों के लिये खाली फील्ड/ मैदान के अस्थायी आवंटन करने की प्रक्रिया को और सुगम बनाने हेतु कंप्यूटर एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विभाग की मदद से ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत की गयी है। अब विभिन्न प्रकार के आयोजनों के आयोजक खाली फील्ड/ मैदान की बुकिंग बोकारो स्टील डॉट इन के पोर्टल पर कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत आवेदक दिए गए पोर्टल पर पहले अपने विवरण जैसे मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी एवं आईडेंटिटी भरते हुए रजिस्टर करेंगे तत्पश्चात लॉगिन कर अपनी जरूरत के मैदान/ खाली जगह सेलेक्ट करेंगे फिर उसकी उपलब्धता के अनुसार आवेदन करेंगे। उक्त आवेदन की समीक्षा करने के पश्चात विभाग द्वारा सहमति प्राप्त होने पर ऑनलाइन पेमेंट पोर्टल पर पेमेंट करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। पुनः जिला प्रशासन के एसडीओ का परमिशन मिलने के बाद फाइनल अनुज्ञप्ति प्रदान कर दी जायेगी। ऑनलाइन ग्राउंड बुकिंग सिस्टम उपभोक्ताओ के सुविधा के लिए बनाई गयी है।

# गलफरबाड़ी के धर्मदेव भारती के घर से हुई चोरी

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र में चोरो ने 80 हजार नगद सहित दस लाख के जेवरात उड़ा लिये। बात दे की गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र में चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है। चोरों के दल ने 80 हजार नगद सहित दस लाख के जेवरात उड़ा लिये हैं। ओपी से कुछ दूरी पर जीटी रोड किनारे स्थित धर्मदेव भारती के घर का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया गया है। घर की चाबी पास के कचड़ा गोदाम संचालक को दे दी थी।? एक चोर चौधरी के पास ही चुराये गये मोटर व अन्य सामान बेचने आया था। संदेह पर उसे पकड़ लिया और एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया। लेकिन मौके का फायदा उठाकर वह ताला तोड़ भाग गया। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। भुक्तभोगी की बेटी की शादी थी। सपरिवार तिलक चढ़ाने एवं एक शादी समारोह में छपरा गये थे। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। ओपी के पास रहने वाला एक युवक को थाने बुला पूछताछ की। वह चोरी का जेवर खरीदने के चक्कर में जेल जा चुका है। युवक ने कहा कि चोरी में उसका कोई हाथ नहीं है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

### ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना 2nd Call

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या – 16/2023-24/R1/RWD/SIMDEGA दिनांक – 17-02-2024

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी: मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत (4515)**

| क्र0सं0 | प्रखंड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिमडेगा | RWD/ SIMDEGA /R1/ 16/STPKG -02/2023-24 | 1. आर0ई0ओ0 पथ से कटासारू पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 8.500 कि0मी0)<br>2. L029 खुंटीटोला से मधुबन पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.240 कि0मी0)<br>3. दुंदुकाछर से सनसेवई पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.900 कि0मी0)<br>4. दुंदुकाछर से रिंगरी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 0.820 कि0मी0)<br>5. सिकरीयाटांड़ से चोगोटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.080 कि0मी0)<br>6. बेरीटोली से नावाटोली पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.200 कि0मी0) | 1200.678 (बारह करोड़ सड़सठ हजार आठ सौ रू0) | 24,02,000 (चौबीस लाख दो हजार रू0) | 10,000 | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20-02-2024
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 04-03-2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 06-03-2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 319561 (Rural Work Department) 23-24 (D)


# बीआइटी सिंदरी के छात्र रहे अमन ने नयी स्टार्टअप कंपनी सोने मार्ट की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी संस्थान के वर्ष 2023 में उत्तीर्ण छात्र अमन कुमार वर्मा (रसायन अभियंत्रण) ने एक नईं स्टार्टअप कंपनी सोने मार्ट की शुरूआत की। इस ऐप के जरिए लोग अपने रोजाना के उपयोग के समाने घर बैठे खरीद सकते हे और आधे घंटे में अपने घर में मंगवा सकते है। आप इस ऐप को गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर अपने आप को रजिस्टर कर सकते है और अपने पसंद के अनुसार खाने का समान और भी जो प्लेटफॉर्म में उपलब्ध हे खरीद सकते है। अभी यह प्लेटफॉर्म में बीआईटी सिन्दरी हास्टल के छात्रों ने खुद को इससे जुड़ इसका लाभ उठा रहे है। यह एक ऑनलाइन खरीदारी करने वाला प्लेटफॉर्म हे। अपने इस आइडिया के बारे में अमन ने संस्थान के प्रथम वर्ष के छात्र अमन डूबे (रसायन अभियंत्रण) को बतलाया और साथ में मिल कर इसे आगे बढ़ाने का काम कर रहे हे। बीआईटी सिंदरी संस्थान के डायरेक्टर पंकज राय ने भी खुशी प्रकट किया और संस्थान के लिए गर्व की बात हें बताई, प्रोडक्शन सखा के प्रोफेसर डॉ प्रकाश कुमार ने तारीफ की और खुशी प्रकट करते हुए तरक्की की कमाना की, बीआईटी के रासायनिक सखा के प्रमुख प्रोफेसर अमित कुमार गुप्ता भी बढ़ाई दी और रासायनिक सखा के प्रोफेसर अमर, प्रोफेसर अजय , प्रोफेसर दिवाकर पांडे ने भी बढ़ायी दी, प्रोफेसर राजीव , प्रोफेसर जे एन महतो, प्रोफेसर दी के तांती, प्रोफेसर आर के वर्मा, प्रोफेसर अमर सिन्हा ने भी खुसी जतायी और उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# पीसीसी पथ का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** मंगलवार को कांड्रा पंचायत के छाताटांड़ में पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। यह कार्य बाघमारा विधायक ढुलू महतो के अनुशंसित मद् से काण्ड्रा के छाताटॉड में महावीर राम नायक के घर से प्रेमलाल के घर तक विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो एवं मुखिया रिंकु देवी के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फिता काटकर कार्य का शुभारंभ किया।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शत्रुधन महतो ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य करना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि विकास का कार्य में विधायक लगे हुये हैं और यह निरंतर जारी रहेगा। वहीं मुखिया रिंकू देवी ने बताया कि ग्रामीणों के आवेदन पर उक्त पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है। जो महावीर राम नायक के घर से लेकर प्रेमलाल के घर तक पथ का निर्माण किया जाना हैं। मौके पर पुर्व मुखिया धनेश्वर महतो, हिमांशु रवानी, बिरजू रवानी, संवेदक संजय गोराई, श्यामलाल महतो, महावीर राय नायक, भीम महतो, संजय गोराई, गिरधारी महतो, आनंद महतो, पिंटु साव, जितु गोराई आदि मौजुद थे।


## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

### ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (2nd Call)

निविदा सूचना संख्या– **STATE_PLAN/HZB/DT/14/2023-24 (2nd Call)**

दिनांक–**19.02.2024**

**P.R. No.-316666 Drinking Water and Sanitation (23-24):D**

**A** **Name of Work:-Construction of 125/115 mm dia with 70m/90m/120 mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part–2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine/DTH Rig Machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on turn- key basis under D.W.&S. Division, Hazaribagh for the Year 2023 -24.**

| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप की संख्या | प्राक्कलित राषि (लाख में) | अग्रधन की राषि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HZB/70 M/DT/02 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 2 | HZB/70 M/DT/03 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 3 | HZB/70 M/DT/06 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 4 | HZB/70 M/DT/07 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 5 | HZB/70 M/DT/08 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 6 | HZB/70 M/DT/09 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 7 | HZB/70 M/DT/10 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 8 | HZB/70 M/DT/11 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 9 | HZB/70 M/DT/12 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 10 | HZB/70 M/DT/13 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 11 | HZB/70 M/DT/14 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 12 | HZB/90 M/DT/16 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 13 | HZB/90 M/DT/17 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 14 | HZB/90 M/DT/18 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 15 | HZB/90 M/DT/20 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 16 | HZB/90 M/DT/23 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 17 | HZB/90 M/DT/24 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 18 | HZB/90 M/DT/25 | 85 Nos. | 86.00781 | 1.33 | 10,000/- | 155 Days |

| | | |
|---|---|---|
| B | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथिः– | 21.02.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 28.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दि0–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 28.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समयः– | 29.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| F | तकनीकी बीड खोलने का स्थानः– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/ पदनामः– | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0ः– | 06546-262291 |
| I | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0ः– | 0651-2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,हजारीबाग

PR 319622 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D


# डेवलपमेंट झारखंड मुक्ति मोर्चा के डीएनए में कभी नहीं रहा: सुदेश

**आनेवाला चुनाव सिर्फ वोट का नहीं, राज्य के स्वाभिमान का होगा**

**चांडिल डैम रिसॉर्ट में आजसू पार्टी का मिलन समारोह संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



## राज्य सरकार दलित, महिला, युवा विरोधी है: रामचंद्र सहिस

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि वर्तमान मंत्रिमंडल में एससी समुदाय का नेतृत्व करनेवाला कोई नहीं है। सरकार के लिए बस यह समुदाय वोट बैंक के सिवाय और कुछ नहीं। सरकार दलित, महिला, युवा विरोधी है। सरकार ने किसी भी वर्ग के लिए कुछ नहीं किया है। राज्य के लोगों में हताशा और निराशा का माहौल है। सरकार ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। आंदोलनकारियों को सम्मान देने में भी यह सरकार विफल रही है। इस मौके पर सागेन हांसदा, स्वप्न सिंहदेव, दलवीर सिंह बग्गा, नंदू पटेल, जसबीर सिंह सिद्धू, असित सिंह पातर, सुरेन महतो, मांझी साव, सचिन महतो, दुर्योधन गोप, अमला मुर्मू सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**रांची।** झारखंड राज्य में जिनका शासन है, वह सिर्फ एक परिवार की भलाई करने में लगा है। डेवलपमेंट झारखंड मुक्ति मोर्चा के डीएनए में कभी नहीं रहा। इन्होंने राज्य के आज के साथ साथ कल को भी बर्बाद कर दिया है, जबकि हमारा उद्देश्य राज्य के हर वर्ग के सभी परिवारों के हित के लिए कार्य करना है। सबका ध्यान सबका सम्मान हमारा दायित्व है। उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को चांडिल डैम रिसॉर्ट में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा।

सुदेश महतो ने कहा कि पंचायत, प्रखंड, जिला स्तरीय कार्यालय में बैठे अधिकारियों का जनता के प्रति व्यवहार सरकार के आचरण को दिखाता है। आज किसी भी कार्यालय में बिना पैसे दिये कोई भी काम नहीं होता। राज्य में अबुआ नहीं बबुआ राज चल रहा है।

उन्होंने कहा कि आनेवाला चुनाव सिर्फ वोट का नहीं, राज्य के स्वाभिमान का चुनाव है। हमें मिल कर झारखंड की तस्वीर को बदलनी है। इचागढ़ समेत पूरी राज्य की जनता के विश्वास और विचारों को जीतना है। राज्य में सकारात्मक बदलाव के लिए हर झारखंडी आजसू पार्टी की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है। जनआकांक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी आजसू पार्टी पर है। इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता संगठित होकर जनता के हक, अधिकार से जुड़े विषयों को उठायें।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 21 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
12

# पीएम मोदी ने किया ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचा निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन निर्माण सहित विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस निर्माण की कुल लागत 129 करोड़ है। यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनाबेडा में विश्विद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी, कालाहांडी लोकसभा क्षेत्र के सांसद बसंत कुमार पांडा एवं अन्य गणमान्य की उपस्थिति में किया गया। प्रधानमंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग के तहत केंद्रीय वित्त पोषित उच्च शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न बुनियादी ढांचा निर्माण परियोजनाओं का रिमोट द्वारा उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री जम्मू में उपस्थित थे। जम्मू में हो रहे प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समस्त सदस्यों ने आभाषी माध्यम से देखा। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में इस अवसर पर भौतिक रूप से एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मंच पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चक्रधर त्रिपाठी,




सांसद बसंत कुमार पांडा और विश्वविद्यालय के प्रभारी रजिस्ट्रार प्रो. नरसिंग चरण पांडा बैठे थे।

इस अवसर पर बोलते हुए सांसद श्री पांडा ने विश्वविद्यालय निर्माण के लिए राशि मंजूरी के लिए विश्वविद्यालय समुदाय को बधाई दी और इसे मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अमृतकाल में विश्वविद्यालय भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करेगा। यदि छात्र कर्म पर विश्वास करते हैं तो वे सफलता प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए भक्ति की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति एकाग्रता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा, यदि भक्ति प्राप्त हो गयी तो भारत शिक्षा के क्षेत्र में अपना गौरव फिर से हासिल कर लेगा और नालंदा, तक्षशिला और अन्य प्राचीन विश्वविद्यालयों की तरह नयी ऊंचाइयों पर पहुंच जायेगा। एनइपी-2020 का लक्ष्य शिक्षा में लोकाचार को प्राप्त करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र की एकता और अखंडता को कायम रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया। कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने मंजूरी के लिए विश्वविद्यालय समुदाय को बधाई दी और उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति में उनके निरंतर प्रयास के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दो शैक्षणिक ब्लॉक, एक प्रशासनिक भवन, एक पुस्तकालय भवन और दो छात्रावास (लड़के और लड़कियां) सहित विभिन्न भवनों के निर्माण के लिए मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में चरखा केंद्र की स्थापना सहित विभिन्न गतिविधियों को क्रियान्वित करने की योजना है। चरका के माध्यम से स्थानीय बेरोजगारों को परिधान तैयार करने में लगाया जायेगा, जिसके लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भविष्य के विकास के लिए कृषि, वन प्रबंधन, पशुपालन और डेयरी और लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि धनराशि की अधिक मंजूरी से विश्वविद्यालय आगे बढ़ने में सक्षम होगा। प्रो. एनसी पांडा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निर्झरिणी त्रिपाठी और संचालन डीएसडब्ल्यू प्रभारी डॉ. रामेंद्र पारही ने किया।

इसके पश्चात सांसद भरत कुमार पांडा एवं कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने परिसर के अंदर निर्धारित स्थान पर प्रशासनिक भवन की आधारशिला का औपचारिक उद्घाटन किया। इस शुभ अवसर पर कुलसचिव प्रो. एनसी पांडा,

स्कूल ऑफ बायोडायवर्सिटी एंड कंजर्वेशन ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज के अधिष्ठाता प्रो एसके पलिता, विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्राध्यापक प्रो बीके पांडा सहित अन्य सम्मानीय व्यक्ति, प्राध्यापक, शोधार्थी, छात्र- छात्रा एवं कर्मचारी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के अभियंता श्रीराम पाढ़ी ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

## न्यूज रील्स

### कंक्रीट बैरिकेड तोड़ने वाली मशीनें लेकर शंभू बॉर्डर पहुंचे सैकड़ों किसान

अंबाला। शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे पंजाब के किसान बुधवार को दिल्ली रवाना होंगे। यहां हरियाणा पुलिस के बैरिकेड्स तोड़ने के लिए किसान जेसीबी और हाइड्रोलिक क्रेन जैसी हैवी मशीनरी लेकर पहुंच गये हैं। इसके अलावा बुलेटप्रूफ पोकलेन मशीन भी लायी गयी है। इनको इस तरह से डिजाइन कराया गया है कि इन पर आंसू गैस के गोलों का भी असर नहीं होगा। किसानों ने यह फैसला केंद्र के साथ हुई बैठक के बाद लिया। केंद्र ने कपास, मक्का, मसूर, अरहर और उड़द यानी 5 फसलों पर एमएसपी देने का प्रस्ताव दिया था। किसानों ने यह प्रस्ताव खारिज कर दिया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि हमने एक्सपर्ट और किसानों से केंद्र के प्रस्ताव पर बात की। इसके बाद हम इस नतीजे पर पहुंचे कि प्रस्ताव हमारे हित में नहीं है। हमारी एमएसपी पर गारंटी कानून की मांग पूरी हो। उधर शामली में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि सरकारें पहले भी थीं और मुद्दे भी पहले थे। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, जिससे किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। सरकार चाहती है कि किसान परेशान हों। आज किसान रात्रि में भी चाहे तो अपनी जमीन बेच सकता है।

# अश्विनी वैष्णव समेत तीन प्रत्याशी निर्विरोध चुने गये



अश्विनी वैष्णव, देबाशीष सामंतराय और शुभाशीष खूंटिया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के तीन राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए। नामांकन पत्र वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने के बाद तीन उम्मीदवार निर्वाचित हुए हैं. सभी निर्वाचित उम्मीदवारों को आज रिटर्निंग ऑफिसर ने विजेता प्रमाण पत्र दिये हैं। राज्यसभा के रिटर्निंग ऑफिसर ने यह जानकारी दी । बीजू जनता दल ( बिजेडी ) ने शुरू में देबाशीष सामंतराय और सुभाशीष खूंटिया को अपने राज्यसभा उम्मीदवारों के रूप में मैदान में उतारा था । दोनों ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किए थे। दूसरी ओर , इस बात को लेकर सस्पेंस था कि तीसरी सीट से राज्यसभा में कौन जाएगा । भाजपा ने हालांकि तीसरी सीट के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को मैदान में उतारा है । बीजू जनता दल ने अश्विनी की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।

# पुरी-कोणार्क रेलवे प्रोजेक्ट का सपना पूरा होने वाला है: रेल मंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पुरी-कोणार्क रेलवे प्रोजेक्ट का सपना जल्द पूरा होगा. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को यह जानकारी दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसकी मंजूरी किए हैं । इस प्रकल्प के लिए 492 कोरोड़ रुपए सांक्सन किया गया है । पुरी-कोणार्क नूतन रेलवे लाइन 32 किलो मीटर का होगा। पुरी-कोणार्क के लिए नूतन विस्टा डोम कोच ट्रेन चलेगा । तीर्थ जात्री पुरी से ट्रेन के जरिए कोणार्क जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार , श्रीमंदिर को कोणार्क मंदिर से जोड़ा जाएगा । इसके लिए 215 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी । राज्य सरकार से इसके लिए भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है । राज्य सरकार द्वारा जमीन दिए जाने के बाद काम शुरू हो जाएगा । अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके साथ ही ट्रेन में जगन्नाथ संस्कृति के बारे में जानकारी होगी । दूसरी ओर , रेल मंत्री ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में ओडिशा में 409 रेलवे प्लाई ओवर का निर्माण किया गया है।

# किट में नीली अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नीली अर्थव्यवस्था पर पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का सोमवार को किट -डीयू में उद्घाटन किया गया, जिसमें 'समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र मूल्य श्रृंखला को महत्व दिया गया। इस सम्मेलन में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय में वैज्ञानिक सचिव डॉ. परविंदर मैनी, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के डॉ. एम. वी. रामनामूर्ति और भारत सरकार के डीबीटी-बीआईआरएसी के प्रबंध निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार ने भाग लिया। यह अग्रणी सम्मेलन, इंडियन फाइकोलॉजिकल सोसाइटी दिल्ली, किट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर, डीबीटी -इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज, भुवनेश्वर, सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी, गोवा और भुवनेश्वर सिटी नॉलेज इनोवेशन क्लस्टर फाउंडेशन (बीसीकेआईसी) का एक




सहयोगी प्रयास है, जिसका उद्देश्य भारत की नीली अर्थव्यवस्था की विशाल क्षमता का पता लगाना है। इस सम्मेलन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक पंडा की उपस्थिति थी, जिन्होंने ओडिशा सरकार की बायोटेक नीति की हालिया घोषणा और जलीय प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने पर प्रकाश डाला, जिसमें ओडिशा की महत्वपूर्ण 480 किलोमीटर की तटरेखा और नीली अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख हितधारक के रूप में इसकी भूमिका पर जोर दिया गया। भारत सरकार के वैज्ञानिक सचिव डॉ. परमिंदर मैनी ने सम्मेलन के महत्वपूर्ण समय को रेखांकित करते हुए कहा कि वैश्विक आबादी का 40 प्रतिशत महासागरों के किनारे रहता है, जो ऊर्जा, भोजन के लिए महत्वपूर्ण हैं और समुद्री परिवहन के माध्यम से वैश्विक व्यापार के 80 प्रतिशत का समर्थन करते हैं। मैनी ने समुद्री संसाधनों की सुरक्षा के लिए ठोस प्रयास करने और एक स्थायी नीली अर्थव्यवस्था प्राप्त करने के लिए संभावित रास्ते तलाशने का आह्वान किया। किट में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार के महानिदेशक प्रो. मृत्युंजय सुआर ने कहा कि ओडिशा भारत की नीली अर्थव्यवस्था पहल के लिए आदर्श लॉन्चपैड है। इस भावना को दोहराते हुए, इंडियन फाइकोलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष और दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर दीनबंधु साहू ने मानवता के लिए समुद्र की भविष्य की क्षमता पर जोर देते हुए वैश्विक स्तर पर 24 ट्रिलियन डॉलर की नीली अर्थव्यवस्था के वर्तमान मूल्यांकन पर प्रकाश डाला।

# किस-बौध इंग्लिश मीडियम स्कूल का औपचारिक उद्घाटन

## 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की आधारशिला रखी गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बौध जिले में शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस)-बौध में एक अंग्रेजी माध्यम के स्कूल का सोमवार को उद्घाटन किया गया । कंधमाल सांसद और किट और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत की पहल के तहत लूनीबाहाल में एक अत्याधुनिक 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की आधारशिला रखी गई।

उद्घाटन समारोह और आधारशिला समारोह में पंचायती राज और पेयजल, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री प्रदीप कुमार अमांत ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अन्य उपस्थित लोगों में कंटामाल विधायक और जिला योजना समिति के अध्यक्ष महिधर राणा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रभासिनी दास, बौध जिला कलेक्टर जे. सोनल और जिला पुलिस अधीक्षक राज प्रसाद उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के दृष्टिकोण को पूरा करने में अच्युत सामंत के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लुनिबाहाल में किस बौध अंग्रेजी माध्यम स्कूल और अस्पताल की स्थापना से बौध जिले के भीतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में प्रगति होगी। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. सामंत ने कहा कि बौध जिले के गरीब (बीपीएल) छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नए स्कूल की स्थापना की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बीपीएल श्रेणी के छात्रों को बिना किसी लागत के अंग्रेजी माध्यम (सीबीएसई) में शिक्षा प्राप्त होगी। यह किस भुवनेश्वर के तत्वावधान में चलेगा और प्रवेश आगामी शैक्षणिक सत्र से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के मेधावी छात्रों को किट भुवनेश्वर में पढ़ने का अवसर दिया जाएगा। आगामी स्वास्थ्य सेवा केंद्र के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से वातानुकूलित 100 बिस्तरों वाला अस्पताल होगा और इसमें 100 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जो जिले के लोगों को उन्नत उपचार प्रदान करेगा। अस्पताल किम्स भुवनेश्वर के तत्वावधान में चलेगा। बाद में अस्पताल की क्षमता 200 बिस्तरों तक बढ़ा दी जाएगी। डॉ. सामंत ने कहा कि बौध के 100 युवाओं को किस बौध में और 150 को आगामी अस्पताल में रोजगार मिलेगा।

# सोआ में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (सोआ) द्वारा संचालित पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी हाल ही में यहां संपन्न हुई। इस परिचर्चा में भारत और विदेशों से 69 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 56 प्रस्तुतियां किया गया , जो अच्छे बौद्धिक आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया। तीन पूर्ण व्याख्यान इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थे। प्रो. (डॉ.) ब्रायन चार्ल्सटन, निदेशक और सीईओ, द पिरब्राइट इंस्टीट्यूट, यू. के. ने 'पशुधन और पशुजन्य रोगों को नियंत्रित करने के लिए वैक्सीन की अगली पीढ़ी के विकास' पर प्रकाश डाला,




जबकि डॉ सिब के. सामल, प्रोफेसर, वर्जीनिया मैरीलैंड रीजनल कॉलेज ऑफ वेटरनरी मेडिसिन, मैरीलैंड विश्वविद्यालय ने 'वैक्सीन वैक्टर के रूप में पैरामाइक्सो वायरस' के बारे में बात की। वायरस' के बारे में बात की। डॉ. सुब्रत के पंडा एक प्रसिद्ध भारतीय वायरोलॉजिस्ट और प्रोफेसर और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में पैथोलॉजी विभाग के प्रमुख ने हेपेटाइटिस-ई वायरस के खतरे को एक जूनोटिक रोगजनक के रूप में समझाया। प्रो. (डॉ.) एपी. दास, पद्मश्री प्राप्तकर्ता और तमिलनाडु केंद्रीय विवि के पूर्व कुलपति ने इस पर प्रकाश डाला।


















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**